



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 282

ग्वालियर, शुक्रवार 01 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## ओवैसी बोले- कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता तेजी से खोती जा रही उसे खत्म हो जाना चाहिए

**भोपाल।** एमपी का राजधानी भोपाल दौरे पर आए आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी प्रासंगिकता तेजी से खोती जा रही है और इसे खत्म हो जाना चाहिए ताकि देश में नई राजनीति की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हो सके। एआईएमआईएम के प्रमुख ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस (प्रदर्शन) के कारण ही भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने इस आरोप को खारिज कर दिया कि एआईएमआईएम चुनाव में कांग्रेस के वोटों को काटती है।



उन्होंने व्यंग किया कि अगर ऐसा है तो एआईएमआईए के कारण ही प्रज्ञा ठाकुर (भोपाल से भाजपा सांसद) चुनाव जीत गईं और कांग्रेस के 22 विधायकों ने शिवराज सिंह चौहान को फिर से सत्ता में लाने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया। ओवैसी ने पत्रकारों से कहा, 'आप देख रहे हैं कि कांग्रेस नीचे जा रही है। हम उम्मीद करते हैं कि कांग्रेस कमजोर पड़ जाए ताकि देश में एक नई राजनीति शुरु हो सके। कांग्रेस के कारण ही नरेंद्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बने।' हैदराबाद के सांसद ने कहा कि अगर मुसलमान राजनीतिक नेतृत्व में अपनी हिस्सेदारी को सही से समझेंगे तो कांग्रेस की राजनीति खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खराब स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उसके नेता राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए बुलाया तो वह 100 लोगों को भी सड़क पर जमा करने में विफल रही। ओवैसी ने मुस्लिमों से स्थानीय निकायों और विधानसभा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और दलित एवं आदिवासी समाज के साथ गठबंधन कर नेतृत्व बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ विधायक तीन दशकों से अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लेकिन शिक्षा के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में विफल रहे हैं जिसके परिणामस्वरुप मुसलमानों में साक्षरता सबसे कम है। औरंगाबाद का नाम बदल कर संभाजीनगर करने के सवाल पर ओवैसी ने महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट का जिक्र करते हुए कहा कि महा विकास आघाड़ी को पहले विधानसभा में शक्ति परीक्षण का सामना करना है।

## उदयपुर हत्याकांड के खिलाफ जुलूस, प्रदर्शन पर सीएम योगी ने लगाई पाबंदी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में राजस्थान के उदयपुर के जघन्य हत्याकांड घटना के विरुद्ध जुलूस या किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। पुलिस महानिदेशक



(डीजीपी) डीएस चौहान ने कहा कि राज्यभर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और भड़काऊ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि इस मुद्दे पर किसी भी धार्मिक या राजनीतिक समारोह के लिए अनुमति की जरूरत होगी। प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के साथ-साथ जिला स्तर पर भी सोशल मीडिया पोस्ट पर नजर रखे हुए है। प्रशांत कुमार ने कहा, हम खुफिया जानकारी और धमकियों को साझा करने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों के संपर्क में हैं। प्रमुख विवरणों का आदान-प्रदान किया जा रहा है। एडीजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं से भी बातचीत की है। जिला पुलिस प्रमुखों ने नागरिकों से अपील की है कि वे न तो सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी पोस्ट करें और न ही उदयपुर हत्याकांड से संबंधित कोई वीडियो साझा करें।

## भारतीय मुद्रा दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मुकाबले कहीं बेहतर : सीतारमण

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में लगातार हो रही गिरावट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय मुद्रा दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मुकाबले कहीं



बेहतर स्थिति में है। वित्तमंत्री सीतारमण ने रुपये की गिरती कीमत के बारे में पूछने पर कहा, हम कुछ हद तक बेहतर स्थिति में हैं। हम एक बंद अर्थव्यवस्था नहीं हैं। हम वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। इसमें वैश्विक घटनाक्रम का हम पर असर पड़ेगा।'' डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत लगातार गिरती जा रही है। बुधवार को यह 79 प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे गिर गया। यह रुपये का अबतक का सर्वकालिक निचला स्तर है। रूस-यूक्रेन जंग के बाद से आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने, मुद्रास्फीति के स्तर में हो रही वृद्धि और केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने के रुख से डॉलर के मुकाबले दुनिया की अधिकांश प्रमुख मुद्राओं की स्थिति कमजोर होती जा रही है। यूक्रेन के खिलाफ रूस का हमला शुरू होने के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को समर्थन देने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है।

## मानसून ने देश के कई राज्यों में दी दस्तक, दिल्ली में झमाझम बारिश से लोगों को उमस से मिली राहत

**नई दिल्ली।** मानसून ने देश के लगभग सभी राज्यों में दस्तक दे दी है। इसी कड़ी में दिल्ली के कुछ हिस्सों में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। इसकारण लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। वहीं दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी जमकर बारिश हुई। बता दें कि गुरुवार को देश के कई राज्यों में झमाझम बारिश हुई है, जिससे मौसम काफी सुहावना हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं राजस्थान में भी मानसून ने प्रवेश कर लिया है। भारतीय मौसम विभाग ने इसकी घोषणा कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मानसून राजस्थान के टोंक और सीकर तक पहुंच गया है. राजधानी जयपुर सहित कई इलाकों में बारिश जारी है। वहीं यूपी के कई जिलों में बुधवार से ही बारिश का सिलसिला जारी है। यूपी के पूर्वांचल के कई जिलों में बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोगों को तपती गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। कई जगहों पर रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। आईएमडी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को पूरे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान के कुछ हिस्सों, पूरी दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा ट्वीट कर लिखा कि अरब सागर और गुजरात



के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ हिस्सों, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पूरे उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार मजबूत हो रहा है। मानसून के मजबूत होने की वजह से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बिहार के बाकी हिस्सों में भी मानसून के मजबूत होने की संभावना जाहिर की है। वहीं असम की बात करें तब वहां बाढ़ के चलते स्थिति और गंभीर होती जा रही है। वहीं मुंबई में बारिश की बात करें तो बीते बुधवार को भी बारिश हुई, जिसके चलते मौसम सुहावना हो गया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को भी मुंबई में बारिश की संभावना जाहिर की है।

## एकनाथ खडसे से पंकजा मुंडे तक कई नेता हुए साइडलाइन और देवेंद्र फडणवीस बने बॉस



**मुंबई।** उद्धव ठाकरे का इस्तीफे के बाद 51 साल के देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। खबर है कि 2 जुलाई से पहले उनकी ताजपोशी हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो मराठी बहुल राज्य में ब्राह्मण चेहरा तीसरी बार बागडोर संभालेगा। मराठा और ब्राह्मणों के बीच सत्ता की जंग को मराठा साम्राज्य के समय से भी जोड़कर देखा जाता है। इसके बावजूद फडणवीस ने तीन दशकों में एक पार्षद से नागपुर के सबसे कम उम्र के मेयर और राज्य के दूसरे सबसे युवा मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया है। इस दौरान उनकी राजनीति के तरीके की चर्चा राज्य ही नहीं केंद्र में भी की जाती है। बात 12 अप्रैल 2013 की है, जब फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। उस दौरान यह पद बल्लारपुर विधायक सुधीर मुनगंटीवार संभाल रहे थे, जिनके दूसरे कार्यकाल का विरोध गोपीनाथ मुंडे कर रहे थे। खास बात है कि यह है कि उस दौरान भाजपा के दो गुट सक्रिय थे एक की कमान मुंडे, तो दूसरे की कमान मौजूदा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों में थी। कहा गया कि फडणवीस को प्रमुख बनाते ही दोनों गुटों तनतनी भी खत्म हो गई थी। उन्हें मुंडे का करीबी माना जाता था, लेकिन उन्होंने कभी भी गडकरी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। बल्कि वह अध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले गडकरी के ही आवास पर पहुंचे और आशीर्वाद लिया। उस दौरान विनोद तावड़े का नाम भी आगे था, लेकिन पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने फडणवीस को कमान सौंपी। जानकार बताते हैं कि अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का भरोसा जीता। साथ ही उन्होंने कभी भी अपनी महत्वकांक्षाओं को खुलकर नहीं रखा और न ही कभी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जाहिर की।

## खास खबर

### उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर मेरठ में जश्न और आतिशबाजी, 2 लोग अरेस्ट

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में एक राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की बीभत्स हत्या को लेकर शहर में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश की गई। सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मैनापुठ्ठी में पिता-पुत्र ने कैन्यालाल हत्याकांड को लेकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उदयपुर में हुए नृशंस हत्याकांड की जहां पूरे देश में निंदा हो रही है, वहीं मेरठ में शर्मनाक घटना अंजाम दी गई। बुधवार शाम सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मैनापुठ्ठी निवासी मंजूर और उसके बेटे शहजाद ने हत्यारोपियों के पक्ष में आतिशबाजी की गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पीआरवी 112 पर कॉल कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पिता-पुत्र को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (देहात) केशव कुमार ने बताया कि पुलिस को पीआरवी 112 पर सूचना प्राप्त हुई। तत्काल सूचना पर पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया व जले और बिना जले पटाखे भी बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की 153 ए (धार्मिक भावनाओं को भड़काने) तहत प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

### मणिपुर में आर्मी कैंप के पास लैंडस्लाइड, अबतक 7 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आर्मी कैंप के पास लैंडस्लाइड हुआ है। इसमें अभी तक सात लोगों की मौत होने की खबर है। मणिपुर में यह लैंडस्लाइड नोनी जिले में हुआ। वहां तुपुल रेलवे स्टेशन के पास भारतीय सेना की 107 ट्रेरोट्री आर्मी का कैंप लगा हुआ था। उस लोकेशन को भी लैंड स्लाइड में नुकसान पहुंचा है। टेरिटोरियल आर्मी ने फिलहाल उनके दो लोगों की मौत की जानकारी दी है। वहीं 20 लोग लापता बताये गए हैं। गांववालों ने भी एक बच्चे सहित पांच लोगों के लापता होने की बात कही है। इसके साथ-साथ रेलवे स्टाफ से 6-7 लोग भी गायब हैं। कुल मिलाकर 45 लोग लापता हैं। लैंडस्लाइड के बाद मणिपुर सरकार एक्शन मोड में है। सीएम एन बीरेन सिंह ने लैंडस्लाइड की जानकारी लेने के लिए आपातकालीन मीटिंग बुलाई है। फिलहाल वहां राहत और बचाव का काम जारी है। सीएम सिंह ने बताया है कि इलाके के लिए एंबुलेंस और डॉक्टर्स को भेज दिया गया है।

### चार साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या के मामले में दोषी को फांसी की सजा

**नई दिल्ली।** चार साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या के मामले में दोषी ठहराने के बाद दरिंदे को त्रिपुरा की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। मामला खोवाई जिले का है। जिले में मौत की सजा सुनाने का यह पहला मामला है। इस मामले में अभियोजन पक्ष (पीड़ित) की ओर से कुल 35 गवाह पेश किए गए। त्रिपुरा की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चार साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या के दोषी कालीचरण को फांसी की सजा सुनाई। जिला अदालत और विशेष यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के न्यायाधीश शंकरी दास ने मामले में जांच अधिकारी बिद्येश्वर सिन्हा द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद दोषी को मृत्युदंड का आदेश दिया। मामले में जानकारी के मुताबिक, पिछले साल 22 फरवरी को खोवाई जिले के तेलियामुरा के दुस्की इलाके से मासूम लापता हो गई थी। छह दिनों के बाद जंगल में मासूम का शव बरामद हुआ। पीएम रिपोर्ट में उसके शरीर में चोटों के निशान पाए गए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता बिकाश देब ने कहा कि यह दुर्लभतम मामलों में से एक है। हमें मृतक के परिवार को न्याय देते हुए खुशी हो रही है।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भूस्खलन पर मणिपुर के मुख्यमंत्री, रेल मंत्री से बात की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में रेलवे निर्माण स्थल के समीप भूस्खलन के बाद गुरुवार को पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का एक दल भूस्खलन स्थल पर पहुंच गया है जबकि दो और दल रास्ते में हैं। शाह ने ट्वीट किया, ''मणिपुर में टुपुल रेलवे स्टेशन के समीप भूस्खलन के बाद मुख्यमंत्री सिंह और अश्विनी वैष्णव से बातचीत की। बचाव अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। एनडीआरएफ का एक दल घटनास्थल पर पहुंच गया है और बचाव अभियान में शामिल हो गया। दो और दल टुपुल के रास्ते में हैं। मणिपुर के नोनी जिले में रेलवे निर्माण स्थल पर भीषण भूस्खलन के बाद दो लोगों की मौत हुई तथा स्थानीय और सैन्य कर्मियों सहित दर्जनों लोग लापता हैं। यह घटना बुधवार रात को टुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में हुई। अधिकारियों ने बताया कि दो शव निकाले गए हैं। और करीब 50 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

## अमरनाथ यात्रा- हर हर महादेव के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना



### एलजी मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

**नुनवान, जम्मू-कश्मीर।** हिंदुओं के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व वाली हर साल होने वाली अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था हर हर महादेव, जय शिव शंकर के उद्घोष के साथ रवाना हो गया है। देर रात यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना हुआ। कहते हैं भगवान शिव ने अमरनाथ में सालों तक तपस्या की थी। यहा मां पार्वती ने शक्ति के रूप में आने के लिए कड़ी परीक्षा दी थी। शिव और पार्वती के मिलन का प्रतीक है अमरनाथ! शिव के भक्तों के लिए यह पावन धरती है इसी कारण कड़ी चढाई के साथ अमरनाथ की गुफा के दर्शन के लिए श्रद्धालु आते हैं। अमरनाथ यात्रा से पहले, उधमपुर जिले में काली माता मंदिर के पास जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मंथल पर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी। कई बार धर्मिक स्थलों को आतंकियों की तरफ से निशाना बनाने की कोशिश की जाती रही हैं। इस लिए 2 साल बाद फिर से शुरू हुई यात्रा को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर एलजी मनोज सिन्हा ने जम्मू बेस कैंप से अमरनाथ यात्रा तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। यात्रा 30 जून से शुरू हुई। तीर्थयात्री दो साल के अंतराल के बाद 30 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से पहले जम्मू पहुंचते हैं। एक तीर्थयात्री ने कहा कि ÷हम बाबा भोलेनाथ की पूजा करने के लिए 2 साल से इंतजार कर रहे थे, उनके दर्शन के लिए जाते वक्त बहुत खुशी हो रही है।

नुनवान आधार शिविर से 2,750 तीर्थयात्रियों के एक जत्थे के दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर के लिए रवाना होने के साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा 30 जून को शुरू हो गई। उपायुक्त पीयूष सिंगला ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में नुनवान आधार शिविर से तीर्थयात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंगला ने बताया कि 43 दिवसीय तीर्थयात्रा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि तीर्थयात्री सुरक्षित महसूस करें और शांतिपूर्वक तरीके से मंदिर की पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन कर पाएं।'' जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार सुबह जम्मू शहर के भगवती नगर आधार शिविर से वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 4,890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर के पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों की यात्रा के लिए रवाना किया था।

## मृतक टेलर कन्हैयालाल के घर पहुंचकर सीएम गहलोत ने 51 लाख रुपए का चेक सौंपा

**उदयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को उदयपुर में बेरहमी से कत्ल किए गए टेलर कन्हैयालाल के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को 51 लाख रुपए का चेक सौंपकर कन्हैया के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने मुलाकात के बाद एक ओर जहां आरोपियों को जल्दी पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को पता लगाने के लिए शाबाशी दी, तब कहा कि एनआईए जल्दी से जल्दी केस की जांच करके उन्हें सख्त सजा दिलाए। सीएम गहलोत ने इस जघन्य हत्या बताते हुए कहा कि इसने प्रदेश को ही नहीं पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। गहलोत ने आरोपियों को जल्दी पकड़ने की



बात कहते हुए पुलिस के काम को अच्छा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी पुलिस और एसओजी ने अच्छा काम किया। एक तरफ हत्यारों को पकड़ लिया और दूसरी तरफ मालूम कर लिया कि इनका अंतरराष्ट्रीय संगठनों से संबंध है। इसलिए एनआईए आई है, पिक्चर के अंदर। केस को अपने हाथ में ले लिया है। हमारी एटीएस, एसओजी सहयोगी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह गृहमंत्री अमित शाह से भी बात करुंगा और विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया से भी सहयोग लूंगा। मुख्यमंत्री ने एनआईए से जल्दी जांच और सजा की मांग करते हुए कहा, एनआईए का देश में बहुत बड़ा काम है। जिन लोगों ने हत्या की है कि उन्होंने वीडियो बनाया है। वे खुद गवाह हैं, चश्मदीदी हैं। हम एनआईए से रिक्वेस्ट करेंगे कि केस को फास्ट ट्रैक में लें। जल्दी चालान पेश कर सभी प्रक्रिया का पालन करते हुए जल्द सजा घोषित हो। मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह हमने पॉक्सो कानून के तहत 9 लोगों को फांसी दिलाई है।

## पंजाब- वित्त मंत्री चीमा बोले- भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मंत्रियों को खानी पड़ेगी जेल की हवा

**चंडीगढ़।** पंजाब में सीएम भगवंत मान की भ्रष्टाचार रोकने की मुहिम के मद्देनजर राज्य के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार में कथित तौर पर व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाले पूर्व मंत्रियों को जल्द ही जेल भेजा जाएगा। यह ऐलान चीमा ने अपने बजट प्रस्तावों पर भाषण देते हुए विधानसभा में किया है। वित्त मंत्री ने बिना किसी का नाम लेते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा दिए गए सड़क निर्माण कार्य और सरकार द्वारा खरीदी गई बसों के निकायों के निर्माण के लिए बहुत अधिक दरों पर अनुबंध; और अधिकारियों को गांव की सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइलें लगाने के लिए मजबूर किए



जाने के मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने दावा करते हुए बताया कि इसके अलावा एक पूर्व मंत्री ने बाजार कीमत से दोगुने दाम पर बच्चों के लिए तौल मशीन खरीदने का आदेश दिया। ये तौल करने वाली मशीनें 4,000 रुपये से 4,200 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से उपलब्ध हैं, लेकिन इन्हें दोगुनी कीमत पर खरीदा गया था। उन्होंने सदन में सदस्यों से पूछा कि क्या हमें इसे भ्रष्टाचार नहीं कहना चाहिए और इन मामलों की जांच नहीं करनी चाहिए? चीमा ने कहा कि आप सरकार सरकारी खजाने को लूटकर राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने के लिए इन लोगों की जिम्मेदारी तय करेगी। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार इस साल उत्पाद शुल्क के रूप में 9,600 करोड़ रुपये वसूल करेगी और खनन व्यवसाय से राजस्व में वृद्धि करेगी। हम इस साल 35,000 करोड़ रुपये उधार ले रहे हैं, लेकिन 36,000 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाएंगे।

**न्यूज़ ट्रैक....**

## हुडा सहित टी20 में इन खिलाड़ियों ने लगाये हैं शतक

**डुबलिन** । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज दीपक हुडा ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 में शतक लगाने के साथ ही एक विशेष क्लब में प्रवेश किया है। अब तक रोहित शर्मा, लोकेश राहुल , सुरेश रैना और महिला वर्ग से केवल हरमनप्रीत कौर ने ही टी20 में शतक लगाया है। इस प्रकार हुडा शतक लगाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। रोहित ने अब चार और राहुल ने दो टी20 शतक लगाये हैं। हरमनप्रीत ने साल 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप में 103 रनों की पारी खेली थी। हुडा पुरुष क्रिकेट में भारत की तरफ से शतक लगाने वाले 100वें क्रिकेटर हैं। साल 1933 में सबसे पहले लाला अमरनाथ ने टेस्ट मैच में भारत की तरफ से शतक लगाया था। भारतीय टीम इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप में हिस्सा लेना है। हुडा अगर ऐसी ही पारियां खेलते रहे तो उनका विश्व कप में चयन तय है।

## बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में कप्तानी मिलना तय

**लंदन** । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए कप्तान बनाया जाना तय है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमण के कारण पृथकवास में हैं। ऐसे में बुमराह कप्तानी के सबसे प्रबल दावेदार बनकर उभरे हैं। एजबेस्टन में अब 1 जुलाई से बुमराह पहली बार अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में भारतीय टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। इस तरह उन पर गेंदबाजी ही नहीं बल्कि टीम का नेतृत्व करने की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी रहेगी। वहीं टीम के कोच राहुल द्रवि ने कहा है कि अगर बुमराह को भारतीय टीम की कप्तानी मिलती है तो वह कपिल देव के बाद बतौर तेज गेंदबाज टीम की कमान संभालने वाले दूसरे भारतीय बनेंगे। कपिल ने अंतिम बार 1987 में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। इसका मतलब है कि 35 साल बाद कोई तेज गेंदबाज भारतीय टीम की कप्तानी संभालेगा।

# मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंची सिंधु , साइना हारी

**कुआलालंपुर** । भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु जहां मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। वहीं अनुभवी साइना नेहवाल पहले दौर में ही हार के साथ ही बाहर हो गयीं। सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-13 21-17 से हराया पर साइना को अमेरिका की आइरिस वैंग के खिलाफ सीधे गेम में 11-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा है। सिंधु अब अगले दौर में थाईलैंड की 21 साल की फिटायापोर्न चाइवान से खेलेंगी।

वहीं पुरुष एकल में पारूपल्ली कश्यप ने भी चोट के बाद वापसी करते हुए कोरिया के हियो क्वांग ही को 21-12 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। कश्यप अब दूसरे दौर में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न का सामना करेंगे।

सिंधु और चोचुवोंग के बीच मुकाबा शुरु से ही तेज रहा पर सिंधु समय के साथ ही हावी होने लगीं। सिंधु ने जल्द ही 4-1 की बढ़त बनाई और फिर पहले गेम में बढ़त बनाये रखी। वह ब्रेक तक 11-7 से आगे थीं। सिंधु ने इसके बाद अपनी बढ़त को 16-11 तक पहुंचाया और फिर सात गेम अंक हासिल करने के बाद पहला गेम जीता।




वहीं दूसरे गेम की शुरुआत में ही थाई खिलाड़ी ने सहज गलतियां की. जिससे सिंधु ने 4-2 की बढ़त बनाई। सिंधु ने भी इसके बाद सहज गलतियां की जिससे चोचुवोंग 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहीं। चोचुवोंग ने 16-10 की बढ़त बनाई, लेकिन सिंधु ने पांच अंक के साथ वापसी की और 17-17 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। चोचुवोंग के नेट पर शॉट मारने से सिंधु ने बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी के दो शॉट बाहर मारने पर तीन मैच अंक हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं मिश्रित युगल में भारत के ही बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को नीदरलैंड के रोबिन टेबलिंग और सेलेना पीक की जोड़ी ने 15-21 21-19 17-21 से हराया।

### कश्यप का सामना विटिडसार्न से होगा

चैंपियनशिप के दूसरे दौर में गुरुवार को पी कश्यप का सामना ताईवान के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा। उन्होंने पहले दौर में कोरिया के हियो क्वांग ही को 21-12 21-17 से हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया था। बी साई प्रणीत और समीर वर्मा प्रतियोगिता के मैन्स सिंगल्स के पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए थे।

# विराट से शतक नहीं मैच विजेता पारी चाहते हैं : द्रविड़

**बर्मिंघम** । भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हो रहे एकमात्र टेस्ट में मुख्य बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छी पारी की उम्मीद कर रहे हैं पर शतक को लेकर उनपर कोई दबाव नहीं हैं। द्रविड़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि विराट टीम को जीत दिलाने वाला प्रदर्शन करें , शतक जरुरी नहीं है। गौरतलब है कि विराट पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं। द्रविड़ ने इस धारणा को आधारहीन करार दिया है जिसमें कहा जा रहा है कि विराट में प्रेरणा की कमी है। कोच ने कहा कि खिलाड़ी अलग-अलग दौर से गुजरते हैं और मुझे नहीं लगता कि विराट में प्रेरणा की कहीं कोई कमी है। गौरतलग है कि इससे पहले आईपीएल के 15 वें सत्र में भी कोहली का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा था। द्रविड़ ने कहा, हमेशा शतक अहम नहीं है। इससे पहले केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कठिन हालात में बनाए गए उनके 79 रन भी बेहतरीन थे। विराट ने अपने करियर में इतने ऊंचे मानदंड बनाए हैं कि लोग उससे शतक की ही उम्मीद करते हैं पर एक कोच के तौर पर में मैं उससे मैच विजेता वाला प्रदर्शन चाहता हूं। भले ही वह 50 या 60 रन ही क्यों ना हों।

टीम इंडिया को एजबेस्टन में 55 साल से जीत नहीं मिली है। भारतीय टीम ने यहां अब तक सात टेस्ट खेले हैं। जिसमें छह में उसे हार मिली थी जबकि एक मैच बराबरी पर रहा था।

# आजम तीनो प्रारुपों में शीर्ष-5 बल्लेबाजों में शामिल

**दुबई** । आईसीसी की ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम तीनों ही प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रुप में सामने आये हैं। बाबर एकदिवसीय, टी20 और टेस्ट तीनों ही प्रारुपों में शीर्ष-5 बल्लेबाजों में शामिल हैं। एकदिवसीय और टी20 में तो वह विश्व के शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि , टेस्ट में बाबर को चौथा स्थान मिला है। इस पाक बल्लेबाज ने सबसे लंबे समय तक टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने रहने की उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट के नाम यह रिकार्ड था। विराट पिछले दशक में 1013 दिन तक टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज थे जबकि बाबर अब उनसे आगे निकल गये हैं। वह 818 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में पहले नंबर पर हैं। दूसरे स्थान पर पाक के ही विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं। उनके 794 रेटिंग अंक हैं।

विराट अभी सातवें स्थान पर हैं। उन्हें 2 स्थान का नुकसान हुआ है। विराट 21वें और रोहित शर्मा 19वें स्थान पर हैं।

आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार शतक के बाद भारतीय टीम के बल्लेबाज दीपक हुडा ने 414 स्थान की लंबीछलांग लगाई है और अब वह 104वें पायदान पर आ गए हैं। टी20 के शीर्ष-10 गेंदबाजों में भी एक भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। भुवनेश्वर कुमार टी20 में 14वें स्थान के साथ ही भारत के शीर्ष गेंदबाज हैं। टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दस में भारत के केवल एक खिलाड़ी ईशान किशन को अवसर मिला है। ईशान सातवें नंबर हैं, जिन्हें एक पायदान का घाटा हुआ है




वहीं बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट शीर्ष पर कायम हैं। डेरिल मिचेल चार स्थान ऊपर आकर 12वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं. उनके साथी टॉम ब्लंडेल 11 स्थान ऊपर आकर 20वें स्थान पर आ गए हैं। मार्नस लबुशाने दूसरे और स्टीव स्मिथ टेस्ट के नंबर-2 बल्लेबाज हैं।

अगर टीम रैंकिंग की बात करें तो आयरलैंड पर जीत के बाद भारत टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है।

# एंडरसन , फोक्स भारत के खिलाफ टेस्ट से करेंगे वापसी

**बर्मिंघम** । इंग्लैंड के मुख्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को शुक्रवार से भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में शामिल किया जा सकता है। एंडरसन एड़ी में चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाये थे। एंडरसन ने कहा, ' न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछला टेस्ट नहीं खेलने से निराश हुई पर अब मैं फिट हूं और भारतीय टीम के खिलाफ खेलूंगा। 'एंडरसन की टीम में वापसी हुई तो भारतीय टीम के बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा क्योंकि वह इंग्लैंड के अब तक के सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। टेस्ट मैचों में एंडरसन ने भारतीय टीम के पर्व कप्तान विराट कोहली को भी पिछली बार रनों के लिए संघर्ष पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने अब तक 7 बार कोहली को आउट किया है। विराट वैसे भी आजकल अच्छी फॉर्म में नहीं है इसलिए उनके लिए इस गेंदबाज से निपटना आसान नहीं रहेगा। एंडरसन के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स भी इस मैच के लिए टीम में शामिल किये गये हैं। कीवी टीम के खिलाफ पिछले मैच में कोरोना संक्रमण के कारण वह शामिल नहीं थे। अब वह ठीक हो गये हैं और बर्मिंघम में टीम के साथ जुड़ गये हैं। शुक्रवार को एजबेस्टन में शुरू हो रहा टेस्ट मैच पिछले साल की सीरीज का ही बचा हुआ पांचवों मैच था। तब इसे कोरोना संक्रमण के कारण नहीं खेला गया था।



बुडापेस्ट में फिना विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में भाग लेते हुए तैराक।






## पहली बार खुद से मेकअप करती नजर आई दिशा पाटनी

अगर बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और हॉट अभिनेत्री की बात करें तो इस लिस्ट में सबसे पहले नाम दिशा पाटनी का आता है। दिशा पाटनी अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी हॉट और सेक्सी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जिसको उनके चाहने वाले भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं।



अब हाल ही में दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो अपने शूट के लिए खुद ही मेकअप करती हुई दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दिशा पाटनी के बाल उनके आर्टिस्ट बांधते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं अभिनेत्री दिशा खुद ही अपना मेकअप करते हुए नजर आ रही है। अभिनेत्री काफी जल्दी-जल्दी अपना मेकअप करती दिखाई दे रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि, मैंने पहली बार एक ब्रांड के लिए खुद अपना मेकअप किया है। जबकि मेरे हेयर स्टाइल को जोया ने बनाया है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री दिशा पाटनी का ये अंदाज वायरल हो रहा है। जिसमें उनके चाहने वालों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। उनके इस वीडियो को अब तक करीब लाखों लोग लाइक और कमेंट कर चुके हैं अगर हम बात करें दिशा पाटनी के काम की तो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई शामिल है। इस फिल्म में दिशा पाटनी सलमान खान के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। वहीं इससे पहले उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म भारत में काम किया था। इसके अलावा दिशा पाटनी फिल्म एक विलन रिटर्न फिल्म में भी नजर आने वाली है।

## रुद्राक्ष जायसवाल ने की टीवी शो रुद्रकाल से छोटे पर्दे पर वापसी

रुद्राक्ष जायसवाल एक युवा और उत्साही लड़के हैं, जिन्होंने साल 2013 में स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले मैगनम ओपस महाभारत में सहदेव की भूमिका के साथ अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद, एक किशोर के रूप में, उन्होंने सीरीज और फिल्मों में कई प्रमुख भूमिकाएं निभाई। उदाहरण के तौर पर हाल ही में रीलीज हुई हॉलीवुड फील एक्सट्रेक्शन में उन्होंने एवेंजर्स फेम क्रिस हेम्सवर्थ के साथ काम किया। दर्शकों में एक बार फिर उत्साह बढ़ाते हुए, प्रतिभाशाली अभिनेता रुद्राक्ष अब स्टार प्लस की अपकमिंग सीमित सीरीज्‌ नरुद्रकाल में अंशुमान चित्तौड़ा की भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी बहुआयामी और असाधारण यात्रा को और बड़ा बनाते हुए, रुद्राक्ष ने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। अपनी उपलब्धियों की लंबी सूची के अतिरिक्त वह मल्टीस्टारर फिल्म एक्सट्रैक्शन का भी एक हिस्सा रहे, जिसमें क्रिस हेम्सवर्थ, रणदीप हुड्डा, पंकज त्रिपाठी और अन्य महत्वपूर्ण कलाकार भी शामिल हैं।

# हिना खान ने जिम आउटफिट में करवाया फोटोशूट



हिना खान ने करवाया फोटोशूट फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। हिना खान एक स्टाइल आइकॉन के तोर पर भी जनि जाती है हिना खान फिटनेस फ्रिक भी है और जिम में जमकर पसीना भाटी है। हिना खान को जिम आउटफिट में देखा जा सकता है इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है हिना खान ने ब्लू और वैट कलर की वर्कआउट सेशन ड्रेस पहन राखी है। हिना खान सोशल मिडिया पर काफी एक्टिव है वह अक्सर अपनी फोटोज और वीडियो पोस्ट करती रहती है उनकी इन फोटोज वीडियो काफी पसंद किए जाते है। हिना खान ने अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल को घरवालों से भी मिलवा दिया है इसके चलते दोनों अब कभी भी शादी कर सकते है हिना खान ने कई नए प्रोजेक्ट्स भी साइन किए है।



## चीन की मुसीबत

अमेरिका, भारत, यूएई और इजरायल मिलकर क्वॉड की तरह एक नया ग्रुप बना रहे हैं, जिसका नाम आई22 है। इसे पश्चिम एशिया का क्वॉड कहा जा रहा है। इन देशों के आपस में मिलने से मिडिल ईस्ट में नई इक्वेशन बनेगी। इन देशों के बीच ट्रेड, टेक्नोलॉजी, डिफेंस के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करेंगे। साथ ही स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का भी लाभ मिलेगा। अमेरिका के इजराइल के साथ पारंपरिक रूप से अच्छे संबंध हैं। भारत के भी यूएई और इजराइल से अच्छे रिश्ते हैं। इस कारण नए क्वॉड का यह समीकरण हमारे लिए भी फायदेमंद रहेगा। आई22 ग्रुप इसमें शामिल देशों के बीच के व्यापारिक संबंधों को मजबूती देगा। समूह को आई22 नाम दिया गया है। इसमें आई-2 का मतलब इंडिया और इस्राइल है, जबकि यू-2 का मतलब यूएस और यूएई है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले महीने 12 से 16 जुलाई तक पश्चिम एशिया के दौरे पर होंगे। उस दौरान आई22 समूह की पहली वर्चुअली बैठक होगी। संगठन में भारत की भूमिका पर अमेरिका का कहना है कि भारत बेहद बड़ा बाजार है। वह हाईटेक और सबसे ज्यादा मांग वाले उत्पादों का भी बड़ा उत्पादक है। ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं, जहां ये देश मिलकर काम कर सकते हैं। फिर वह तकनीक, कारोबार, पर्यावरण, कोविड-19 और सुरक्षा ही क्यों न हो। इस समूह का उद्देश्य उन गठबंधनों और साझेदारों को फिर एक साथ लाना है, जिनका अस्तित्व पहले नहीं था या फिर था भी तो उसका भरपूर इस्तेमाल नहीं किया गया। जब अक्टूबर 2021 में पहली बार भारत, इस्राइल, यूएस और यूएई के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, तब समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी। उस वक्त इस बैठक का बड़ा मुद्दा इस्राइल और यूएई के बीच संबंधों को सामान्य बनाना भी था। लेकिन समय के साथ बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद इस गठबंधन की अहमियत काफी ज्यादा बढ़ गई है। यही कारण है कि इस बार की बैठक में इन चारों देशों के शीर्ष राजनेता, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायली पीएम नफ्ताली बेनेट और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान हिस्सा लेने वाले हैं। इस समूह के बहाने अमेरिकी कोशिश न सिर्फ दुनिया में हमारी साझेदारी की प्रणाली को पुनर्जीवित व सक्रिय करना है बल्कि पहले साथ न रहने वाली साझेदारियों को भी साथ लाना है। इस संबंध में इस्राइल और यूएई प्रमुख हैं। एक ओर चीन एशिया में प्रभुत्व बढ़ाने के लिए पड़ोसियों पर दबदबा बना रहा है, वहीं भारत भी रणनीतिक रूप से मजबूत हो रहा है। इसी के तहत क्वाड और ब्रिक्स के बाद भारत आई2यू2 में अहम देश बन गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत को क्वाड में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का सहयोग प्राप्त है तो दूसरी तरफ ब्रिक्स में चीन, रूस और ब्राजील जैसे देशों के संगठन में भी अहम माना जा रहा है। अब आई2यू2 संगठन में भारत को सउदी देशों के साथ इस्राइल का साथ मिल गया है।

# गर्भपात को लेकर अमेरिका का रुख

सोनम लववंशी



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं के लिए गर्भपात कानून में बदलाव करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पांच दशक पुराने गर्भपात कानून पर रोक लगा दी गई। अब अमेरिका में 50 साल पुराना संवैधानिक संरक्षण समाप्त हो गया। साथ ही अमेरिका के सभी राज्य गर्भपात को लेकर अपने नियम खुद बना सकेंगे। इस फैसले के बाद सम्भवतः अमेरिका के कुछ राज्यों में गर्भपात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाएगा। देखा जाए तो यह फ़ैसला कहीं न कहीं महिलाओं के लैंगिक समानता और मानवाधिकार के ख़िलाफ़ है। अमेरिका में 1973 को रो बनाम वेड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया था। अमेरिका गर्भपात का अधिकार वापस लेने वाला पहला देश बन गया है। पिछले 25 सालों में दुनिया ने गर्भपात को लेकर कानूनों में कई बदलाव किए। लेकिन, तीन देश ही ऐसे है जहां गर्भपात को कठिन बनाने के लिए कड़े नियम कानून बनाए गए है। दुनिया में आज भी 67 देश ऐसे जहां गर्भपात कराना बहुत ही आसान है। इन देशों में बिना वजह बताए सरलता से गर्भपात कराया जा सकता है। अधिकतर देशों में शुरुआती तीन महीनों में गर्भपात कराना गैरकानूनी नहीं माना गया। जबकि, 26 देश तो ऐसे हैं। जहां गर्भपात कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। फिर चाहे माँ या बच्चे की जान पर ही बात क्यों न आ जाए। भारत की बात करें तो हमारे देश में गर्भपात को लेकर कोई सख्त नियम नहीं है। भारत में सुरक्षित गर्भपात कराना कानूनी अधिकार है। हमारे देश में गर्भपात के लिए %मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रग्नेंसी एक्ट 1971% में बना था। इसके बाद 2021 में इस एक्ट में कुछ सुधार किए गए। इसके साथ ही कुछ विशेष परिस्थितियों में महिलाओं को मेडिकल गर्भपात 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दिया गया है। संशोधित कानून के तहत दुष्कर्म पीड़िता या नाबालिग लड़की 24 हफ्ते तक गर्भपात करा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हर साल 2.5 करोड़ असुरक्षित गर्भपात होते है। जिसमें करीब 37 हजार महिलाओं की मौत तक हो जाती है। वैसे गर्भपात पर प्रतिबंध लगा देने मात्र से गर्भपात के आकंड़े कम नहीं होंगे, बल्कि गैरकानूनी तरीके से गर्भपात कराने के आंकड़े जरूर बढ़ जाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के पहले साल ही 14 लाख महिलाएं अनचाहे गर्भ का शिकार हो गई थी। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ कि दुनिया में हर साल 12.1 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को अनचाहे गर्भधारण का सामना करना पड़ता है। यहां अनचाहे गर्भधारण से आशय है, महिलाओं को उनकी मर्जी के बिना गर्भवती कर दिया जाना। कई बार जबरदस्ती, कई बार वे मज़बूरी में शिकार बन जाती हैं तो कई बार युद्धकाल की भेंट चढ़ना पड़ता है। ये सदियों से होता आ रहा है और समाज के आधुनिक होने के बाद भी इसमें कोई अंतर नहीं आया। ऐसे में देखा जाए तो गर्भपात पर प्रतिबंध लगाना जायज़ नहीं ठहराया जा सकता! क्योंकि, किसी और के किए की सजा सिर्फ महिलाओं पर मढ़ देना आधी आबादी के अधिकारों का हनन होना है।

सवाल तो यह भी उठता है कि अमेरिका जैसे देश में गर्भपात पर प्रतिबंध लगा देने भर से क्या महिलाएं गर्भपात कराना बन्द कर देगी बच्चे पैदा करने या नहीं करने का अधिकार एक महिला को होना चाहिए। क्या सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात पर गौर किया गया था कि जब तक महिला बच्चे को जन्म नहीं दे देती है, तब तक पुरूष साथी की भी जवाबदेही हो कि वह महिला और बच्चे का खूयाल रखे। जो महिला बच्चे को जन्म ही नहीं देना चाहती क्या वह अपने बच्चे की परवरिश सही ढंग से करेगी! सवाल कई हैं, लेकिन इनके जवाब मौजूदा दौर में कहीं दिखाई नहीं देते। बात अगर भारत के बारे में की जाए, तो आज भी हमारे समाज में महिलाओं के पास अपनी इच्छा से गर्भवती होने या न होने का कोई विकल्प नहीं है। वे इतने सामाजिक और आर्थिक बंधनों में जकड़ी हैं कि इस दिशा में वे सोच ही नहीं पाती। इस बात के पक्ष में कभी कोई महिला आंदोलन भी खड़ा नहीं हुआ। ऐसे में सवाल उठता है कि अनचाहे गर्भ के लिए क्या महिलाएं ही जिम्मेदार हैं! क्या पुरुषों की कोई जवाबदेही नहीं बनती। वैसे हमारे पुरुष प्रधान समाज में अनचाहे गर्भ के लिए महिलाओं को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। अगर कोई लड़की गर्भवती हो जाए, तो समाज उसे हीनभावना से देखता है। जबकि, कोई उस लड़के को गलत नहीं समझता, जो इस कृत्य में सबसे बड़ा भागीदार होता है। यहां तक कि समाज और परिवार वाले भी लड़के के पक्ष में खड़े हो जाते हैं। ऐसे में यह दोयम दर्जे की मानसिकता कब तक पल्लवित होती रहेगी! अनचाहे गर्भधारण की वज़ह से अनगिनत समस्याओं का सामना महिलाएं तो करती ही हैं। अगर उन्हें ही इसके लिए कसूरवार हर बार ठहराया जाता रहा तो यह कतई उचित नहीं कहा जा सकता। ऐसी परिस्थितियों में गर्भपात करने का अधिकार महिलाओं से नहीं छीना जाना चाहिए। ये सच है कि गर्भपात कराने का सीधा असर महिलाओं के स्वास्थ्य पर ही पड़ता है। ऐसी स्थिति में अनचाहे गर्भ को रोकने के लिए महिलाओं को जागरूक करना जरूरी है। न कि गर्भपात पर प्रतिबंध लगा देना।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ो की माने तो देश दुनिया में 64 देशों में 23 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने के लिए अपने साथी को इंकार तक नहीं कर पाती! इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि 21वीं सदी में महिलाओं की स्थिति क्या है! अभी हाल ही में मेराइटल रेप (विवाहित दुष्कर्म) को लेकर हमारे देश में चर्चा का दौर जारी था। जिसकी गूंज संसद से लेकर सड़क तक सुनाई दी। यहां तक कि इस मुद्दे को लेकर न्यायालय में भी बहस का दौर जारी रहा! लेकिन, हमारा समाज इस मुद्दे पर बंटा हुआ नज़र आया। बात अगर महिलाओं की करें तो हमारे समाज में आज भी महिलाएं सेक्स जैसे गम्भीर मुद्दे पर चर्चा तक नहीं कर पाती और न इसके लिए अपने जीवनसाथी को मना कर पाती है। वर्तमान दौर में हमारे समाज में महिलाओं को यौन हिंसा, लैंगिक असमानता व गरीबी की वजह से भी अनचाहे गर्भ का सामना करना पड़ता है। बात अनचाहे गर्भधारण की करें तो इसकी सबसे बड़ी वजह जानकारी का अभाव होना है। 21वीं सदी में भी महिलाएं को यौन सम्बधों की सही जानकारी नहीं होना, आधुनिक समाज के लिए दुखदाई है। भले ही कहने को दुनिया में यौन शिक्षा का प्रचलन बढ़ रहा है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि इसके लिए हमें अभी लम्बा सफर तय करना होगा। रोटी, कपड़ा और मकान की तरह यौन संसर्ग भी मानव की एक अहम जरूरत हैं। लेकिन, इस ज़रूरत की आड़ में किसी के जीवन से ही खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। यह भी एक पहलू है, जिस तरफ महिलाओं के संदर्भ में ध्यान देने की जरूरत है। अमेरिका में साल 2020 में 9.30 लाख, 2019 में 9.17 लाख और 2018 में 6.20 लाख गर्भपात के मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, 2020 में हर पांच में से एक गर्भवती ने गर्भपात कराया। हर साल इनमें इजाफा हो रहा है। अमेरिका में गर्भपात के प्रतिबंध के समर्थन में तर्क दिया जा रहा है कि है गर्भपात का अधिकार अमेरिका की परंपराओं में नहीं। इसके अलावा इसके विरोधियों का कहना है कि गर्भपात रोकना संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है और महिला तैयार नहीं तो उन्हें बच्चें पैदा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। दूसरी तरफ़ फ्रांस में गर्भपात के अधिकार को संविधान में शामिल करने की कवायद शुरू हो गई है।

## उसका अभिमान नाश कर के छोड़ता है

जब व्यक्ति अपार धन-दौलत और आलीशान भवनों का मालिक हो जाता है तो वह स्वयं को औरों से अलग महसूस करने लगता है। ऊंचेपन की भावना के कारण वह किसी को कुछ नहीं समझता। यही भाव अभिमान है जो उसके रोम-रोम से दिखाई देता है। इस स्थिति में शेष लोग उसके लिए अवशेष हो जाते हैं। सिक्खों के पंचम गुरु अर्जन देव जी ने अपनी रचना में ऐसे लोगों को मूर्ख, अंधा व अज्ञानी माना है। जब ऐसी स्थिति आ जाती है तो वह अराजक होकर अत्याचार पर उतारू हो जाता है। गरीब और कमजोर उसके शिकार होते हैं। गुरु अर्जन देव ने अपने समय में ऐसे अत्याचारों को देखा और सामना भी किया। उनके अनुसार व्यक्ति कितना भी ऊंचा क्यों न हो जाए, अभिमान उसका नाश करके ही छोड़ता है। हृदय में गरीबी यानी विनम्रता का वास जरूरी है। इससे सारे लोकों में सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने इन पवित्र विचारों को अपनी कालजयी रचना सुखमनी साहिब में यूं लिखा है-जिस कै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै। वास्तव में अभिमान निर्माण का नहीं, विनाश का लक्षण है। व्यक्ति स्वयं को महत्ता देने लगता है। अपनी अराजकता से वह आस-पास के लोगों को भी संप्रमित कर देता है। इसी आग में विकास डूबकर विनाश में परिवर्तित हो जाता है। प्राचीन काल में रावण, कंस, कौरव आदि अभिमान के ही मिथ्या जाल में फंसे थे। धार्मिक हों या राजनीतिक, आज भी कई समूह उसी राह पर बढ़ रहे हैं। अभिमान इन्हें गिरावट का ही ग्राफ दिखा रहा है, बढ़ने का नहीं। गुरु अर्जन देव के अनुसार अगर ऐसे विनाशकारी भाव से बचना है तो अपने आचार-व्यवहार में नम्रता को प्रथम स्थान देना होगा।

## समय और स्थान के साथ धर्मशास्त्रों में बदलाव आवश्यक है

ओमप्रकाश श्रीवास्तव



मंडन मिश्र ने शास्त्रार्थ के दौरान आचार्य शंकर से कहा कि वैदिक धर्म का वास्तवित प्रचार तब होगा जब हवन और अग्निहोत्र से आकाश धूमिल हो जाएगा, वेदमंत्रों के स्वरों से दिशाएँ गुंजायमान हो उठेंगीं। तब आचार्य शंकर ने उत्तर दिया था कि यज्ञ, हवन, मंत्र आदि तो मन को शुद्ध करने के साधन मात्र हैं। यह साधन हैं जिनके माध्यम से साध्य (लक्ष्य) प्राप्त करना है। यह स्वयं साध्य नहीं हैं। तब मण्डन मिश्र ने प्रतिप्रश्न किया कि क्या आर्यों की प्राचीन प्रथाओं का पालन किये बिना वैदिक धर्म का पुनरुद्धार हो सकेगा । इस पर आचार्य का उत्तर था कि - ''साधन तो देश और काल के साथ बदलते रहते हैं। समय तो गंगा की धारा है जो एक बार समतल पर उतरने के बाद फिर पहाड़ों पर वापस नहीं जाती। समय के साथ संस्कार बदलते रहते हैं पर मूल वस्तु है आत्मा। यदि वैदिक धर्म की आत्मा नहीं बदलती तो साधनों का रूप कुछ भी हो वैदिक धर्म उन्हीं की नींव पर अमर रहेगा''। प्रश्न यह है कि वैदिक धर्म की यह आत्मा क्या है और शरीर क्या है जिसके माध्यम से यह आत्मा अभिव्यक्त होती है

पहले वैदिक धर्म की आत्मा की बात करें। व्यक्ति चाहे वह आस्तिक हो या नास्तिक वह यह तो मानता है कि कोई ऐसा तत्त्व है जिसके होने पर ही जीवन होता है और जिसके चले जाने पर मृत्यु हो जाती है। नास्तिक मानते हैं कि यह तत्त्व संसार की भौतिक स्थितियों जैसे विभिन्न रसायनिक क्रियाओं के कारण पैदा होता है परंतु अभी तक विज्ञान इसे खोज नहीं पाई है। यदि खोज लिये होते तो प्रयोगशालाओं में 'चेतना' बनाकर मृतकों में डालकर उन्हें जीवित कर देते। वहीं आस्तिक मानते हैं कि पूरी सृष्टि ब्रह्म से पैदा हुई है और वही ब्रह्म चेतना के रूप में कण-कण में प्रकाशित हो रहा है। इसी चेतना के मूल स्रोत - ब्रह्म - का स्वभाव ही अध्यात्म है - अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्मम् उच्यते (गीता 8.3)।वेदों में ब्रह्म के इसी स्वभाव का वर्णन मंत्रों के रूप में किया गया है। ब्रह्म का स्वभाव सदैव से है, एक सा है और सदैव रहेगा इसीलिए इस ज्ञान के वाहक वेद भी अनादि, अनन्त हैं। यह ज्ञान स्वमेव उद्भूत है, किसी व्यक्ति ने बौद्धिक रूप से लिखा नहीं है इसलिए वेद अपौरुषेय हैं, अपरिवर्तनीय हैं। ईश्वरीय ज्ञान की मूर्ति होने के कारण वेद को ईश्वर का रूप कहते हैं - वेदो नारायणः साक्षात् (स्कन्दपुराण)। वेदों के इस दार्शनिक ज्ञान की व्याख्या उपनिषदों और ब्रह्मसूत्रों में की गई है। वेदों में वर्णित ब्रह्म तत्त्व ही वैदिक धर्म की आत्मा है। अब हम वैदिक धर्म के शरीर पर विचार करें। वेदों के दार्शनिक सिद्धांत आम लोगों की समझ से परे थे। आम लोगों के मन-मस्तिष्क में वैदिक सिद्धांतों को बिठाने के लिए ऋषियों ने पुराण और इतिहास ग्रंथ रचे जिनमें सरल कथाओं के माध्यम से जीवनमूल्य समझाए गए। इन ग्रंथों को पढ़कर या सुनकर बौद्धिक रूप से जो समझा जाता है वह केवल जानकारी है, अनुभूति नहीं। वह मार्ग बताती है जिससे साक्षात्कार में मदद मिलती है परंतु केवल मार्ग जानने से मंजिल पर नहीं पहुँचा जा सकता। उसके लिए तो मार्ग पर चलना पड़ेगा। इसीलिए ऋषियों ने हजारों वर्षों के ज्ञान और साधना की परम्परा के आधार पर जीवनचर्या के ऐसे नियम बनाए कि साधारण लोग वेदों के जटिल दार्शनिक सिद्धांतों को समझे बिना भी उन्हें जीवन में चरितार्थ कर सकें और संसार में सुख-समृद्धि (अभ्युदय) से जीवन बिताकर अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति (निःश्रेयस) कर सकें। इन्हीं नियमों (डू एंड डोन्ट) के ग्रंथ धर्मशास्त्र कहलाते हैं। धर्मशास्त्र, वेदों के अर्थ का व्यवहारिक विस्तार है - श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।

इन ग्रंथों को भी वेदों के समान ही श्रद्धा व महत्व दिया जाता है। श्रुति अर्थात् वेद और स्मृति अर्थात् धर्मशास्त्र दोनों को ही भगवान् की आज्ञा माना गया है- श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञे (वाधूलस्मृति 189)। गीता में कहा है कि कर्तव्य और अकर्तव्य के निर्धारण के लिए शास्त्र ही प्रमाण हैं - तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ (गीता 16.24)। सभी धर्मशास्त्र (इनमें स्मृतियाँ ही मुख्य हैं), श्रुति (अर्थात् वेद) की अनुगामिनी होती हैं - स्मृति श्रुत्यनुगामिनी । अर्थात् यह तभी तक मान्य हैं जब तक वह वेद की मूल धारा के अनुकूल हों। धर्मशास्त्रों के माध्यम से ही वैदिक सिद्धांत व्यवहार में क्रियान्वित होते हैं।

# (1 जुलाई ) अंतर्राष्ट्रीय फल दिवस

### सूडोकु नवताल- 6118

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -6117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अरविन्द प्रेमचंद जैन



अंतर्राष्ट्रीय फल दिवस उन सभी लोगों को संबोधित करता है जो सकारात्मक जीवन स्थितियों का निर्माण और संरक्षण करते हैं। 2007 में घोषित किया गया और पहली बार बर्लिन में वॉल पार्क में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय फल दिवस प्रतिवर्ष 1 जुलाई को दुनिया भर में कई स्थानों पर होता है जहां लोग अपने पसंदीदा फल दूसरों के साथ साझा करते हैं। फल, एक फूल वाले पौधे का मांसल या सूखा पका हुआ अंडाशय, बीज या बीज को घेरता है। इस प्रकार, खुबानी, केला, और अंगूर, साथ ही बीन फली, मकई के दाने, टमाटर, खीरे, और (उनके गोले में) बलूत का फल और बादाम, सभी तकनीकी रूप से फल हैं।

क्या आप फल खाने का सही समय जानते हैं? दरअसल, ज्यादातर लोगों को फल खाने के सही समय को लेकर कंफ्यूजन रहता है कि आखिरकार वो फल किस समय खाएं? फल खाने को लेकर कई सारी कहानियां भी बताई जाती हैं। जैसे की सीता मां ने वनवास में फल खाकर ही अपना जीवनयापन किया था। कहा जाता है कि फल में वो औषधीय गुण होते हैं, जिसे खाने से कैंसर जैसी बीमारी भी दूर भागती है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि फल हमारे शरीर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण सुपरफूड है, इसलिए दुनियाभर में फलों के महत्व को लेकर 1 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय फल दिवस मनाया जाता है। इसके फायदे के बारे में बखान सुनकर ज्यादातर लोग फल खाते भी हैं, लेकिन इसमें से अधिकांश लोग ऐसे हैं, जिन्हें फल खाने का सही समय और तरीका नहीं पता होता हैं। ऐसे में वो कभी भी फल खा लेते हैं, जिसकी वजह से इसका पूरा फायदा हमारे बॉडी को नहीं पहुंच पाता है। फल खाने का गलत समय आपको कई बीमारियों की ओर भी ले जा सकता है, आयुर्वेद के मुताबिक, फल को लेकर ध्यान देने योग्य दो बातें कही गई हैं।

**पहला- फल को सुबह एकदम खाली पेट नहीं खाना चाहिए।**

**दूसरा- भोजन के साथ फल नहीं खाना चाहिए।**

शाम को फल खाने से नींद का समय और पाचन प्रक्रिया में गड़बड़ी हो सकती है। इसलिए, आयुर्वेद शाम 4 बजे से पहले या सूर्यास्त से पहले फल खाने की सलाह देता है। फल सरल कार्ब्स होते हैं जिसका अर्थ है कि वे जल्दी से टूट सकते हैं, रक्त शर्करा के स्तर को तुरंत बढ़ा सकते हैं और तुरंत ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। फल खाने का सही समय सुबह नाश्ते के 2 से ढाई घंटे बाद या फिर लंच से 1-2 घंटे पहले हो सकता है। ये समय ज्यादातर लोगों के लिए दोपहर 11 से 12 के बीच का होगा।

फल का सेवन लंच के 1 से 2 घंटे बाद और डिनर के 2 से 3 घंटे पहले भी कर सकते हैं। इन सभी समय को देखे, तो आप कह सकते हैं कि फल खाने का सबसे सही समय स्नैक्स या फिर टी ब्रेक टाइम होता है। ये दिन का ऐसा वक्त होता है, जब अगर आप फल खाते हैं, तो इसका पूरा भोषण तत्व आपके बॉडी को मिलता है। दुनियाभर में 1 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय फल दिवस मनाया जाता है। ये दिवस पहली बार साल 2007 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन के वॉल पार्क में मनाया गया था। इस दिन का उद्देश्य फल के स्वास्थ लाभों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। साथ ही रोजाना फल खाकर अपने शरीर को स्वस्थ रखने पर भी जोर देना है। इस दिन को लोग परिवार, दोस्तों और जरूरतमंदों के साथ सहानुभूति, खुशी और प्यार में फल बांटकर मनाते हैं।

इस दिन का मुख्य उद्देश्य परिवार के सदस्यों, दोस्तों या जरूरतमंद लोगों के साथ खुशी और सहानुभूति में फल साझा करना है क्योंकि यह दिन उन सभी लोगों को संबोधित करता है जो सकारात्मक रहने की स्थिति बनाते और संरक्षित करते हैं। सेब, नाशपाती और केले जैसे गूदे वाले फलों से शुरू करें, उनके स्वाद और बनावट के लिए और कम एलर्जेनिक होने के लिए। - सब्जियों का स्वाद और स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें फलों की प्यूरी भी डाली जा सकती है।

## ये शैतान कब दंडित होंगे?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

उदयपुर में एक हिंदू दर्जी की हत्या करनेवाले दो मुसलमानों के खिलाफ पूरे देश में भयंकर गुस्सा फैला हुआ है। लेकिन भारत की जनता को सलाम कि उसने प्रतिहिंसा का रास्ता अख्तियार नहीं किया है। अनेक प्रमुख हिंदू और मुसलमान नेताओं ने कड़े शब्दों में इस हत्याकांड की भर्त्सना की है। कई आतिवादी समझे जानेवाले मुस्लिम नेताओं ने उन दोनों हत्यारों को कठोरतम दंड देने की मांग की है। उन दोनों हत्यारों को उन्होंने इंसान नहीं, शैतान बताया है। यह भी ध्यातव्य है कि अनेक उग्र हिंदूवादी नेताओं ने भी इस मौके पर विलक्षण संयम का परिचय दिया है। इस हत्याकांड ने सारी दुनिया में इस्लाम को तो कलंकित कर दिया है लेकिन भारत की सहनशीलता की छवि सबके हृदय पर अंकित कर दी है। अनेक पश्चिमी और पूर्वी दुनिया के देशों से मेरे मित्रों के फोन आए। उनमें हिंदू, मुसलमान, ईसाई, बौद्ध और यहूदी सभी शामिल हैं। सब ने एक स्वर में इस हत्याकांड की निंदा की है। अरब देशों के कुछ मुस्लिम मित्रों ने मुझे बताया कि जो घृणित काम उदयपुर में हुआ है, उसकी अनुमति किसी मुस्लिम देश में भी नहीं है। इस्लाम में इस तरह का जघन्य अपराध करने की इजाजत किसी भी शख्स को नहीं है। इन दोनों हत्यारों का संबंध सउदी अरब और पाकिस्तान से भी बताया जा रहा है। ये दोनों हत्यारे इन देशों में जाकर रहे हैं और वहां उन्होंने दावते-इस्लाम और तहरीके-लबायक जैसे उग्रवादी संगठनों से भी सांठ-गांठ की है। इस मामले में सच्चाई क्या है, यह तो जांच से आगे-आगे पता चलेगा लेकिन इस घटना से भारत और सभी मुस्लिम देशों को यह सबक क्यों नहीं लेना चाहिए कि उन सब संस्थाओं और संगठनों से अपने देशों को मुक्त करें, जो मजहब के नाम पर इतने जघन्य अपराधों के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। इसी संदर्भ में सभी मदरसों पर भी प्रबुद्ध मुसलमानो को कड़ा नियंत्रण रखना होगा। सभी धर्मों के सर्वोच्च अधिकारियों को या तो अपने-अपने धर्मग्रंथों की ऐसी बातों को छांट देना चाहिए, जो देश और काल के विपरीत हो गई हैं या उनकी व्याख्या इस तरह से करनी चाहिए कि जो देश और काल के अनुकूल हो। जहां तक हमारे राजनीतिक नेताओं का सवाल है, उनकी प्रतिक्रिया तो बहुत ही दुखद है। हत्या-पीड़ित परिवार के लिए सहानुभूति व्यक्त करना तो उचित है लेकिन इस हत्याकांड को लेकर नेतागण एक-दूसरे पर जो कीचड़ उछाल रहे हैं, वह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

## अगर मेकअप की नहीं है अच्छी समझ

# अपनाएं ये प्रोडक्ट्स जो देते हैं लुक्स को परफेक्ट रिजल्ट



आजकल लड़कियों को मेकअप करना बहुत पसंद होता है. यही कारण है कि बाजार में भी मेकअप के अलग अलग तरह के मेकअप प्रोडेक्ट मौजूद हैं. आमतौर पर महिलाएं घंटों ऑनलाइन स्टोर्स पर मेकअप प्रोडक्ट्स की विंडो शॉपिंग करती रहती हैं. कई बार ऐसा होता है कि बिना सोचे समझे भी हम कुछ मेकअप प्रोडेक्ट खरीद लेते हैं और बिना समझे यूज कर लेते हैं. ये हमेशा ही होता है कि महिलाएं कुछ नया ट्राय करने की कोशिश करती रहती है, मेकअप लुक्स के साथ भी और मेकअप प्रोडक्ट्स के साथ भी. हम ऐसे ही कुछ मेकअप प्रोडक्ट्स का ज़िक्र कर रहे हैं जिन्हे हम ट्राय तो करते हैं और अच्छे से जांचा-परखा भी है और जिनमें से कुछ के रिज़ल्ट्स बहुत अच्छे लगे हैं. ऐसे ही कुछ मेकअप प्रोडेक्ट आज हम शेयर कर रहे हैं, जिनको आपको आपनी लाइफ में शामिल करना चाहिए।

### मैट लिपस्टिक

लिपस्टिक महिलाओं का फेवरेट मेकअप प्रोडक्ट होता है और यह इंस्टेंट्ली लुक को ब्राइटन कर देता है. हालांकि कई बार लिपस्टिक स्मज होने से और हेवी फॉर्मुलेशन लुक खराब हो जाता है. ऐसे में हमेशा ही मैट लिपस्टिक का यूज़ करें.इसमें ना तो क्रीज़ या क्रैक्स पड़ते हैं और ये ना ही स्मज होता है।

### हाइलाइटर

हाईलाइटर एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जो चुटकियों में आपके सिंपल से लुक को अल्ट्रा-ग्लैम बना सकता है. आजकल लड़किया स्टाइल को उभारने के लिए लाइलाइट का खूब यूज करती हैं. हालांकि इसका ज्यादा यूज कई बार लुक भी खराब कर देता है. आप अपनी उंगलियों पर भी अगर इसकी थोड़ी सी मात्रा लेकर अपने हाई पॉइंट्स पर ब्लेंड करते हैं तो भी ये बहुत अच्छा लुक देता है।

### कंसीलर

कई बार डार्क सर्कल्स आपको अजीब सा फील करवाते हैं. ऐसे में आप इसके लिए कंसीलर का यूज कर सकती हैं चेहरे के कुछ हिस्सों पर थोड़ी-बहुत पिगमेंटेशन और एक्ने स्पॉट्स हैं तो कंसीलर बहुत ज़्यादा जरूरी है. आप मेकअप किट में कंसीलर को शामिल कर सकती हैं।

### सेटिंग पाउडर

बहुत लोग शायद इस प्रोडक्ट को अपने मेकअप किट में ज़रूरी ना समझते हों, खासतौर पर बिगनर्स इसे बिल्कुल भी ज़रूरी नहीं समझते हैं. लेकिन अगर आपकी ऑयली स्किन तो ये प्रोडक्ट बहुत अहमियत रखता है. ये ना सिर्फ आपके मेकअप को एक बहुत अच्छा मैट लुक देता है बल्कि ये आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में भी सहायक है।

### आईशैडो

आई मेकअप अपने लुक को हमेशा सबसे खूबसूरत बनाता है. अगर आप काजल और लाइन लगाते हैं तो आईशैडो जरूर लगाएं, ये आपके लुक को परफेक्ट बनाने का काम करता है. मार्केट में कई तरह से आईशैडो मौजूद हैं, जो आपके लुक को परफेक्ट बनाते हैं।

# स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन सकता है सेब का अधिक सेवन, हो सकती हैं ये समस्याएं



सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इसमें पॉलीफेनोल्स, डाइटरी फाइबर, कैरोटीनॉयड, आयरन, पौटेशियम, प्रोटीन, फास्फोरस और कार्बोहाइड्रेट जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसी वजह से लोग इसका सेवन करना पसंद करते हैं, लेकिन अगर सेब का अधिक सेवन किया जाए तो यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए आज आपको बताते हैं कि सेब का अधिक सेवन करने से किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### पेट संबंधी समस्याओं का रहता है खतरा

जरूरत से ज्यादा सेब का सेवन करने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम प्रभावित होता है, जिसके कारण पेट में गैस, जलन और कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दरअसल, सेब में फाइबर की अधिकता होती है और अधिक फाइबर के सेवन से पाचन क्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप सीमित मात्रा में ही सेब का सेवन करें ताकि आपको किसी भी तरह की पेट संबंधी समस्या से जूझना न पड़े।

### बढ़ सकता है वजन

सेब का अधिक सेवन बढ़ते वजन का कारण बन सकता है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी है। इस समस्या को सामान्य न समझें क्योंकि यह शरीर को कई अन्य बीमारियों का घर बना सकती है। इसलिए रोजाना सीमित मात्रा में ही सेब का सेवन करें। वैसे कभी-कभी कुछ शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढ़ने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की समस्या की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

### लो ब्लड प्रेशर का बन सकता है कारण

अगर आपको लो ब्लड प्रेशर यानि निम्न रक्तचाप की समस्या रहती है तो ऐसे में आपको भूल से भी सेब का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, जरूरत से ज्यादा सेब का सेवन करने से आपका ब्लड प्रेशर और भी ज्यादा कम हो सकता है। इसलिए अगर आपको पहले से ही लो ब्लड प्रेशर की समस्या है तो सेब का अधिक सेवन करना आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है और आपको कई गंभीर पेरशानियां हो सकती हैं।

### दांतों का स्वास्थ्य हो सकता है प्रभावित

सेब का अधिक सेवन दांतों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। कई अध्ययनों में इस बात का जिक्र मिलता है कि सेब में एक ऐसा एसिड मौजूद होता है, जो अगर दांतों के संपर्क में ज्यादा आता है तो इससे दांत संवेदनशील हो जाते हैं। वहीं, दांतों में संवेदनशीलता से दांतों में दर्द और इनके टूटने की संभावना अधिक हो सकती है। अगर आपको अपने दांतों में संवेदनशीलता महसूस होती है तो तुरंत दंत चिकित्सक से संपर्क करें।



# सर्दियों में बच्चों को हाइड्रेट रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

सर्दियों में कम पानी पीने के कारण बच्चों को डिहाइड्रेशन के साथ-साथ कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए हर मौसम की तरह इस मौसम में भी बच्चों के शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। खासकर, अगर आपका बहुत छोटा है और उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने की पूरी जिम्मेदारी आपके ऊपर है तो उसे हाइड्रेट रखने की पूरी कोशिश करें। आइए आज सर्दियों में बच्चों को हाइड्रेट रखने के तरीके जानते हैं।

### समय-समय पर पिलाते रहें पानी

सर्दियों में बड़े न तो खुद पानी के सेवन पर ध्यान देते हैं बल्कि बच्चों को भी पानी पिलाना भूल जाते हैं, लेकिन इस मौसम में भी बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाना जरूरी है। आप चाहें तो बच्चों को पानी के साथ-साथ अन्य पेय पदार्थ भी पिला सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि पेय पदार्थ स्वास्थ्यवर्धक होने चाहिए। इसके लिए आप बच्चे की डाइट में नारियल पानी, फलों का रस और स्मूदी आदि को शामिल कर सकते हैं।

### बच्चे को पिलाएं सूप

ठंड के मौसम में बच्चे को सूप का सेवन करवाना भी बेहतर विकल्प है क्योंकि यह न सिर्फ बच्चे को हाइड्रेट रखने में मदद करेगा बल्कि इससे उन्हें गर्माहट भी महसूस होगी। आप बच्चे को खीरे का सूप या टमाटर का सूप बनाकर पिला सकते हैं क्योंकि ये सब्जियां उन्हें हाइड्रेट रखने में मदद कर सकती हैं। हालांकि, सूप में नमक के अलावा कोई अन्य मसाले न डालें क्योंकि इससे बच्चे के पेट में जलन हो सकती है।

### बच्चे को फ्रूट पल्प दें

आप चाहें तो सर्दियों में बच्चे को हाइड्रेट रखने के लिए उनकी डाइट में फ्रूट पल्प यानी फल का गूदा शामिल कर सकते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि फल में पानी की अच्छी मात्रा होती है, जिससे बच्चे का शरीर हाइड्रेटेड रहेगा। हालांकि, ध्यान रखें कि आप बच्चे को अगर फ्रूट पल्प दे रहे हैं तो उसे रूम टेम्प्रेचर पर ही दें क्योंकि यह बच्चे के शरीर के अंदरूनी तापमान को ठीक रखेगा।

### बच्चे को स्तनपान करवाएं

अगर आपका बच्चा बहुत छोटा है तो सर्दियों में उसे डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाने के लिए स्तनपान करवाएं। स्तनपान की मदद से बच्चे को कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके लिए मां बच्चे को दिन में कई बार स्तनपान करवा सकती हैं। इससे बच्चे का शरीर हाइड्रेटेड भी रहेगा और ठंड के मौसम में उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत रहेगी। वहीं, इससे उसके मानसिक स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलेंगे।

### बच्चे को कब से और कितना पानी पिलाना चाहिए?

बच्चे को छह महीने तक तो पानी पिलाने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस दौरान सिर्फ मां का दूध ही बच्चे के लिए फायदेमंद है। आप चाहें तो सातवें महीने से बच्चे को पानी देना शुरू कर सकते हैं।






# गैस के चूल्हे को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



रसोई की ऐसी कई चीजें है जिनकी नियमित तौर पर सफाई बेहद जरूरी है और इन्हीं चीजों में से एक है गैस का चूल्हा। इसकी रोजाना सफाई करना इसलिए जरूरी है क्योंकि अक्सर खाना पकाते समय इस पर कुछ न कुछ गिर जाता है और इस गंदगी के कारण इस पर कीटाणु पनपने लगते हैं। चलिए फिर आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप गैस के चूल्हे की आसानी से सफाई कर सकते हैं।

**सिरका आएगा काम:** अगर आप अपने गैस के चूल्हे की अच्छे से सफाई करना चाहते हैं तो इसके लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल को आधा पानी और आधा सिरके से भरकर उन्हें अच्छे से मिलाएं और फिर इन्हें थोड़ी दूरी से पूरे चूल्हे पर छिड़कें। इसके बाद चूल्हे को 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में एक माइक्रोफाइबर कपड़े से चूल्हे को पोंछ दें। यकीनन इससे आपका चूल्हा चमक उठेगा।

**नींबू का रस करेगा मदद:** गैस के चूल्हे को अच्छे से साफ करने में नींबू का रस भी आपकी काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक कटोरी पानी में चार बड़ी चम्मच नींबू का रस मिलाएं और फिर इस मिश्रण को सॉफ्ट-ब्रिसल्स वाले ब्रश की मदद से पूरे चूल्हे पर लगाकर इसे 25 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में चूल्हे को माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से पोंछ लें।

**सिरका और बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल:** सिरका और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करके आप न सिर्फ गैस के चूल्हे की सतह बल्कि इसके बर्नर की भी अच्छे से सफाई कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में आधा कप सिरका और एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और फिर इस मिश्रण को गैस चूल्हे की सतह पर छिड़क दें। वहीं बर्नर को रातभर के लिए इस मिश्रण में डुबोकर रख दें। अगली सुबह दोनों ही चीजों को माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से पोंछ दें।

**अमोनिया भी है कारगर:** अमोनिया की मदद से भी आप अपने गैस के चूल्हे को अच्छे से साफ कर सकते हैं। इसमें एक्सफोलिएटिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो न सिर्फ चूल्हे की सतह बल्कि बर्नर और ग्रेट्स के अंदर छुपी गंदगी को भी बाहर निकाल सकती हैं।







# मतदान सामग्री लेकर मतदान दल पहुंचे मतदान केन्द्र कलेक्टर एवं एसपी ने किरनापुर एवं लांजी पहुंचकर मतदान दलों को रवाना कराया

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे

**बालाघाट।** जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण में 01 जुलाई 2022 को विकासखंड लांजी, किरनापुर एवं कटंगी के ग्रामों में मतदान कराया जायेगा। द्वितीय चरण में 01 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए आज 30 जून को मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों पर सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण विकासखंड मुख्यालय से किया गया और वहां से उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने आज 30 जून को किरनापुर एवं लांजी पहुंचकर मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कार्य, उनकी भोजन व्यवस्था एवं रवाना होने के लिए वाहनों की व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ बसों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना करवाया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के सदस्यों से कहा कि वे प्रशिक्षण में बताये अनुसार एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न करायें। दोपहर 03 बजे मतदान समाप्ति के समय तक जितने भी मतदान मतदान केन्द्र में आ जाते हैं, उन्हें कतार में खड़ा कर पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर वाली पर्चियां प्रदान कर दी जायें। मतदान के बाद मतगणना का कार्य भी करना है। मतगणना के दौरान आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और अपना कार्य जिम्मेदारी के साथ करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। मतदान या मतगणना में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह का व्यवधान करने की कोशिश की जाये तो तत्काल अपने सेक्टर आफिसर से सम्पर्क करें। मतदान दलों के मतदान केन्द्र पहुंचने पर वहां के स्थानीय शासकीय सेवकों द्वारा उनका स्वागत किया गया। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2022 में मतदान का समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक रखा गया है। मतदान वाले ग्रामों से 05 किलोमीटर के दायरे में आने वाली समस्त मदिरा दुकानों को बंद करा दिया गया है। मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के लिए भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई है, जिसका मतदान दल के सदस्यों को निर्धारित दर के अनुसार भुगतान करना होगा।



01 जुलाई 2022 को मतदाता बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सकें इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मिश्रा द्वारा विकासखंड लांजी, किरनापुर एवं कटंगी के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सार्वजनिक अवकाश में दुकानों, फैक्ट्रियों एवं कार्यालयों में अवकाश रहेगा।

### नेवरगांव खुर्द, निम्देवाड़ा एवं कुंडे के मतदान केन्द्र पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने किरनापुर विकासखंड के ग्राम नेवरगांव खुर्द, निम्देवाड़ा एवं कुंडे के मतदान केन्द्र पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इन केन्द्रों पर मतदान पहुंच चुका था। उन्होंने नेवरगांव खुर्द के मतदान दल के पीठासीन अधिकारी श्री दयानंद बिसेन एवं अन्य केन्द्रों के मतदान दल से केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## जिला पंचायत शिवपुरी से वार्ड क्रमांक 19 से जिला पंचायत सदस्य से विजयश्री प्राप्त की

हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे

खनियाधाना श्री अमित पड़रिया शंकर भैया 3200 वोटो से जीत हासिल की और सभी नागरिक बंधुओं ने बहुत ही भव्य स्वागत किया बुजुर्गों से लेकर महिलाओं ने नारियल देखकर स्वागत किया ऐसे गरीबों को मदद देने वाले बा जन जन के लाडले एवं गरीबों के मसीह हर संभव से मदत करने वाले हर गरीब की मदद करने वाले जिला पंचायत शिवपुरी से वार्ड क्रमांक 19 से विजयश्री प्राप्त की श्री अमित पड़रिया शंकर भैया आज 3200 वोटों से जीत हासिल की हैं और उनका आज जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ



## सामान्य नागरिकों के लिए लगाया शीतल जल वाटर कूलर

जोशी परिवार के मुखिया स्वर्गीय श्री सीताराम जोशी स्वर्गीय धर्मपत्नी श्री रामकली जोशी के मुखिया का अभी हाल ही में स्वर्गवास होने के उपरांत पांचों पुत्रों के द्वारा अपने निवास निवास जोशी नगर जोशी पाइप फैक्ट्री पर सामान्य नागरिकों के लिए शीतल जल वाटर कूलर उषा कंपनी का जन सुविधाओं का ध्यान रखते हुए गर्मी का ध्यान रखते हुए वाटर पूल की व्यवस्था करवाई गई है जोशी परिवार के द्वारा भिंड जिले में एक ऐसी मिसाल पेश की है जो कि सबको एक मार्गदर्शन एवं एक अनोखी मिसाल पेश की. यही भी ध्यान देने योग्य है की इस कार्य की शुरुआत घर में लगुन फलदान 29.06.2022 को आना था उसी दिन आपको परिवार के द्वारा यह पुण्य कार्य अपने माता पिता के नाम से वाटर कूलर जनता के लिए समाज में एक अनोखी मिसाल पेश की है जोशी परिवार एक भिंड में ऐसा परिवार है पांचों भाई एक ही मकान एक ही किचन में भोजन व्यवस्था शाम को पांच भाई पांच बहुएं एक साथ शाम को भोजन करते हैं और हर हर्षोल्लास से अपने जीवन यापन कर रहे हैं भिंड जिले के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई है अनोखी मिसाल पेश की है इस प्रकार परिवार के द्वारा निश्चित रूप से भिंड जिले का नाम रोशन किया है कामना करते हैं कि समाज को इससे प्रेरणा प्राप्त होगी और ऐसे कार्य अपने माता-पिता के मार्गदर्शन से आशीर्वाद से प्राप्त होगा



## मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के आसपास हो रहे अतिक्रमण को किया साफ




अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** खबर फिजिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मेडिकल कॉलेज के आसपास हो रहे अतिक्रमण को लेकर कल पुलिस एवं प्रशासन द्वारा 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था जिसके बाद ज्यादातर लोगों ने अपना अतिक्रमण खुद ही हटा लिया लेकिन जिन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया था उनका अतिक्रमण आज प्रशासन द्वारा शक्ति के साथ हटाया गया। इस दौरान सीएमओ नगरपालिका शैलेश अवस्थी, टी आई कोतवाली सुनील खेमरिया,यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, सूबेदार प्रियंका घोष एवं नगर पालिका वा पुलिस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।



बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

# भाजपा ने 250, कांग्रेस ने 34 को पार्टी से निकाला

## भोपाल में ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक भी बाहर

**भोपाल।** प्रदेश में 250 से ज्यादा बागी नेता और उनके समर्थकों को पार्टी से बाहर कर दिया गया है। भाजपा के लिए मेयर पद के तीन बागी परेशानी का सबब बन गए है। कटनी में बागी होकर चुनाव लड़ रही प्रीति संजीव सूरी को 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। यहां भाजपा ने ज्योति दीक्षित को टिकट दिया है। रतलाम में पार्टी का सिरदर्द बन चुके बागी अरूण राव को शोकॉज नोटिस दिया है। यहां प्रहलाद पटेल उम्मीदवार हैं। ये टिकट विधायक चैतन्य कश्यप की पसंद का है।

छिंदवाड़ा में पार्टी ने असिस्टेंट कमिश्नर रहे अनंत धुर्वे को प्रत्याशी बनाया है, जबकि जितेंद्र शाह तगड़े दावेदार थे। प्रमुख नेताओं की मनुहार के बाद शाह पीछे हट गए है। हालांकि शाह चुनाव प्रचार में खुलकर साथ नहीं दे रहे है।भोपाल में 24 बागियों को पार्टी से निष्कासित किया गया है। इनमें निर्दलीय



चुनाव लड़ रहे विलास घाडगे शामिल है। वे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक कृष्णा घाडगे के चाचा है।

### इनको छह साल के लिए निष्कासित किया

बेनी प्रसाद मीना, हरीश कुमार, कन्हैयालाल असनानी, संतोष यादव, राहुल सिंह गुर्जर, विनोद चौरसिया, साधना प्रदीप जैन, संदल मियां, संजय यादव, नंदा परिहार, सरिता कुशवाह, शशि सोनी, मोहन कुशवाह, सतीश विश्वकर्मा, रेखा परिहार, शिखा गोहल, गीतांजलि गजभिये, नेहा राय, इंदल कुमार बिंद, हीरालाल सोलंकी, जयपाल, राकेश सिंह राकां और चंद्रभान तिवारी।

### कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी निष्कासित

रीवा में कांग्रेस के एक दर्जन नेताओं ने टिकट नहीं मिलने पर वार्डों में नामांकन कर रखा है। पीसीसी से जिन नेताओं को निष्कासित किया गया है, उनमें प्रमुख रूप से सुलभ पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा, रोहणी कुशवाहा, श्यामबाबू लोनिया, लक्ष्मण यादव, राजकुमार सर्राफ, अशोक कटारिया, शहफूज खान, माजिद खान, गुल मोहम्मद शामिल हैं, इनमें कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल हैं। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रफीक अंसारी ने भी टिकट नहीं मिलने के कारण इस्तीफा दे दिया है।

बताया जा रहा है कि घाडगे को वार्ड 34 से टिकट दिलाने के लिए सिंधिया ने पैरवी की थी। वैसे घाडगे भाजपा में काफी समय से है। पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता के भी समर्थक रहे हैं।

### बागियों को मनान में जुटे

कांग्रेस असंतुष्टों से बातचीत कर उन्हें मनाने का काम कर रही है। इसके बाद भी जो नहीं मान रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 34 बागियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है। इनमे धार के 12, जबलपुर में 3, उमरिया में 3, सिंगरौली और कटनी में 4-4, सागर में 2 और रीवा में 3 लोगों को पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह असंतुष्टों से सीधी बात कर रहे हैं। कई लोगों को उन्होंने मना लिया है। मुरैना में कांग्रेस से महापौर पद का टिकट न मिलने पर अनिता चौधरी बागी हो गई हैं, उन्होंने निर्दलीय ताल ठोक दी है, जिससे पार्टी की अधिकृत महापौर पद की प्रत्याशी शारदा सोलंकी को दिक्कत हो सकती है। छिंदवाड़ा में कांग्रेस से बागी हुए बालाराम परतेती मैदान में डटे हैं, लेकिन उन्हें मनाने की कोशिशें जारी है। इसी तरह देवास में प्रदेश कांग्रेस महासचिव शिवा चौधरी की बहू मनीषा चौधरी निर्दलीय चुनाव लड़ रही है।

## सीएम के भाजपा में आने के न्यौते पर बोले अरुण यादव-हम सत्ता में आएंगे पर कांग्रेस की सरकार बनाकर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंगलवार को खंडवा में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव को भाजपा में आने का न्यौता देने पर उन्हें पलटवार किया है। यादव ने बुधवार को कहा कि हम सत्ता में जरूर आंएगे पर भाजपा के साथ नहीं कांग्रेस की सरकार बनाकर आएंगे। कांग्रेस ने मुझे औश्र मेरे परिवार को बिना मांगे ही बहुत कुछ दिया है। आपने कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता को सत्ता में आमंत्रित किया, उसके लिए धन्यवाद।



प्रदेश कांग्रेस द्वारा यादव की ओर से बयान जारी कर कहा कि हम सत्ता में कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाकर आएंगे। कांग्रेस हमारे लिए मां है। इसने मेरे पिता को विधायक, सांसद, मंत्री, उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पदों पर सुशोभित किया। मुझे सांसद, केंद्रीय मंत्री, पार्टी का राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दीं। छोटे भाई सचिन याव को विधायक और मंत्री बनाया। अपने राजनीतिक और व्यावसायिक हितों के लिए पार्टी से धोखा की सोच हमारे परिवार की नहीं है।

आतंकियों द्वारा हिंदू युवक कन्हैया लाल की हत्या के विरोध में फास्ट ट्रेक कोर्ट मैं कैस चले CBI जांच की करणी सेना माँग

# हिंदुस्तान को खालिस्तान नहीं बनने देंगे राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह पवैया करणी सेना

उदयपुर में आतंकियों के द्वारा देश के माननीय प्रधानमंत्री जी को भी धमकी दी गई एवं हिंदू युवक कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में करणी सेना ने कन्हैया लाल हत्याकांड पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सूरजपाल अम्मू ने कहा कि ये मामूली घटना नहीं है, ये एक तरह से आतंकवाद है. इसकी जितनी भर्त्सना करेंगे वो कम ही रहेगा. उन्होंने कहा- सांप्रदायिक उन्माद के पीछे कौन लोग हैं? कौन से संगठन हैं? ऐसी चीजें राजस्थान में कभी नहीं हुई हैं. उन्होंने कहा जो 2 दोषी सामने दिख रहे हैं सिर्फ वही नहीं उसके पीछे जो लोग होंगे, जहां से इसकी शुरुआत हुई होगी, उन्हें भी कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. उन्होंने एक रास्ता है कि सरकार सक्रिय हो और



दूसरा रास्ता है कि बहाना बनाया जाए. अपने कंधों पर तो लेना नहीं है उसकी बजाए पूरी समस्या किसी दूसरे के कंधों पर डाल दीजिए, वही अशोक गहलोत कर रहे हैं. माननीय पराज्यपाल जी से अनुरोध है कि उक्त घटना की सीबीआई जांच कराकर इन के पीछे किन तालिबानियों का हाथ है बो सामने आये करणी सेना संपूर्ण भारतवर्ष में समस्त कलेक्टर के माध्यम से श्रीमान राज्यपाल जी की ओर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है विज्ञापन में हमारी मुख्य मांग है कि सीबीआई जांच कर फास्ट कोर्ट में केस चलाया जाए और इन आतंकियों को फांसी की सजा जल्द से जल्द सुनाई जाए रविन्द्र सिंह पवैया राष्ट्रीय मीडिया भरत सिंह चौहान राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी राजीव बादवा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रभारी किसान शक्ति जिला अध्यक्ष पंकज गुर्जर राजकुमार भदोरिया पानी पदाधिकारी मौजूद रहे

# आओ कुछ विचार विमर्श करते है: अनिल कुशवाह

**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** वार्ड ठ्रश. 8 की~ जो पार्षद 5-5 साल पार्षदी करने के बार 10 साल के इतिहास में अपने वार्ड जहा वो हर बार घर घर वोट मांगने आते है वहां की साफ सफाई की जिम्मेदारी नहीं निभा सकते वहां पर्सनल एक युवा को खुद अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आना पड़ता है । जिस कोरोना की महामारी में पार्षद महोदय जी को निम्न वर्ग के लोगो को उनकी जरूरत के हिसाब से उन्हें जहा तक संभव हो सके उनकी मदद करना चाहिए थी उस समय महाराज अपने घरों से न निकले अपना परिवार था, बीमारी का डर था । उस समय लोगो को खाने की जरूरत पड़ी, दवाई की जरूरत पड़ी तब इनके द्वारा कोई सुद नहीं ली। क्या बस खाना जानते है किसी की मदद करना नहीं आया तब अपनी जिम्मेदारी के साथ नव युवा को आना पड़ा । जब पर्यावरण को लेके बात आई तो 10 साल में 4 पेड़ लगाने का मन नहीं हुआ तो क्या बीते कई सालों में आपने अपना कर्त्तव्य इसी तरह निभाया तब नव युवाओं को आना पड़ा



10-15 साल राजा बनके पार्षदी के पद पर घरों में बैठे रहने को ही पार्षद कहते है व्यक्ति भी अपने मताधिकार का उचित उपयोग करे आखिर कब तक महाराज महाराज करते करते वह पार्षद बनाते रहेंगे बात किसी एक इलेक्शन की नही हैं चाहे कोई भी इलेक्शन हो सोचे समझे तब फैसला ले और अगर आपका दिया हुआ मत गलत साबित हो रहा है तो दुबारा वही गलती क्यों? आज भी नगरपालिका भंग होने से पहले से लेकर आज तक वार्ड की गलियों की नालियां पैक डली हुई है । एक रोड अधूरी डली है उसका टेंडर नही लेके आ पाए नगरपालिका से लेकिन क्या कर जनता को तो निकलना हैं निकलेगी चाहे गड्ढे हो सब स्वार्थी लोग है समय मौका है जो गलती 10-15 कल ली उसी को दोहराना नही चाहिए एक नया युवा आया है उसको पार्षद की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का मौका दें । और आगे सब को पता ही है किसकी अपने मताधिकार का सही उपयोग करना ।



## व्यावसायिक उपयोग वाले ई-व्हीकल को घरेलू बिजली से कर रहे चार्ज

**जबलपुर।** सवारी से मनमाना किराया वसूलने वाले ई-व्हीकल बिजली कंपनी को जमकर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। ई-व्हीकल संचालन के लिए घरेलू बिजली का उपयोग कर रहे हैं जबकि वाणिज्यिक उपयोग वाले वाहनों को चार्ज करने के लिए अलग कनेक्शन लेना अनिवार्य है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जबलपुर में एक भी ई-व्हीकल मालिक ने चार्जिंग के उपयोग के लिए मीटर कनेक्शन नहीं लिया है। एक हजार से ज्यादा ई-व्हीकल शहर में हैं, जाहिर है कि अधिकांश व्हीकल घरेलू बिजली से ही चार्ज किए जा रहे हैं।

बिजली कंपनी ने अप्रैल 2022-23 के बिजली दर में ई-व्हीकल के चार्जिंग को लेकर स्पष्?ट नियम बनाया है व्यावसायिक उपयोग वाले वाहनों को चार्ज करने के लिए अलग मीटर कनेक्शन लिया जाना चाहिए। इसकी बिजली दर भी घरेलू की तुलना में अधिक है। इधर ई-व्हीकल संचालकों का कहना है कि शहर में उनके लिए सार्वजनिक रूप से चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने चाहिए ताकि वे वाहनों को चार्ज करवा सके। चार्जिंग स्टेशन नहीं होने की वजह से उन्हें घरेलू बिजली से वाहनों को चार्ज करना पड़ता है। शहर में हजार से ज्यादा लोडिंग ई-वीकल है।

इसके लिए सिर्फ तीन चार्जिंग स्टेशन नगर निगम की तरफ से बनाए गए हैं। जिनमें एक समय पर 50 से अधिक वाहन चार्ज नहीं हो पाते हैं। इधर जबलपुर ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन लिमिटेड शहर में अगले छह माह में 30 नए चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी में है।

# भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार की व्यवस्था बनाई: कमलनाथ

**जबलपुर।** शहर में महापौर के कांग्रेस प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू के समर्थन में रोड शो करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार की व्यवस्था बनाई है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिवराज के पास विजन नहीं वो टेलीविजन के सहारे विकास करना चाह रहे हैं। निगम से देश या प्रदेश का फैसला नहीं होता। इससे शहर की तकदीर तय होती है।

नगर निगम और पंचायतें भ्रष्टाचार का माध्यम बन गई हैं। शिवराज घोषणा करते हैं, वो घोषणा वीर हैं। मैं घोषणा नहीं करता।ओवैसी फूट डालने की बात करते हैं। उनके बयानों से फायदा किसको मिलता है- यह सभी जानते हैं।



कमल नाथ ने कहा कि जो लोग कांग्रेस का प्रचार नहीं कर रहे, घर पर बैठे हैं मेरी नजर में वो कांग्रेस का विरोध कर रहे हैं। हालांकि वे छिंदवाड़ा में लगातार भाजपा का महापौर होने के सवाल पर जवाब नहीं दे पाए।

## नगरीय निकाय चुनाव में 'कबूतर' की एंट्री, एक-दूसरे के खिलाफ नेताओं के बोल बिगड़े



**इंदौर।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान की तारीख जैसे-जैसे करीब आती जा रही है, बयानों के बाण भी तेज होते जा रहे हैं। और तो और अब चुनाव में पक्षियों की एंट्री तक हो गई है. बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कबूतर से सावधान रहने की बात कही, तो कांग्रेस ने सवाल किया कि विजयवर्गीय स्पष्ट करें कि कबूतर वो किसे कह रहे हैं दरअसल, विजयवर्गीय ने मंच से इशारों-इशारों में कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला को कबूतर बता दिया। विजयवर्गीय ने कहा कि जब आप हवाई जहाज से यात्रा करते हैं और कोई पक्षी आकर टकरा जाता है तो विमान में बैठे यात्रियों की जान खतरे में आ जाती है। कई बार हवाई जहाज की इमरजेंसी लैंडिग कराना पड़ती है. इसी तरह इंदौर के विकास का हवाई जहाज भी टेक ऑफ करने वाला है. ऐसे में कोई गलत कबूतर आकर टकरा गया तो इंदौर की जान खतरे में पड़ जाएगी।

### कांग्रेस ने जताई आपत्ती

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय स्पष्ट करें कि वे कबूतर किसको कह रहे हैं. मुझे लग रहा है कि जिस तरह उनकी पार्टी ने अनुभवी नेताओं को दरकिनार कर पैराशूट उम्मीदवार मैदान में उतार दिया है, इसलिए उनका निशाना बीजेपी की तरफ ही है।

## निकाय चुनाव के परिणाम तय करेंगे सांसद-विधायकों का भविष्य

### भाजपा आज जारी करेगी संकल्प-पत्र, पौधारोपण के आयोजन को कांग्रेस ने बताया दिखावा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने विधायक और सांसदों को अल्टीमेटम दिया है। निकाय चुनाव के परिणाम ही सांसद-विधायकों का भविष्य तय करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बीजेपी सांसद और विधायकों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जीत से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। सभी सांसद और विधायक भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए जी जान से जुट जाएं। भाजपा का कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी का कार्यकर्ता ही लड़ता है। नगरीय निकाय का चुनाव कार्यकर्ता की लड़ाई है। सांसद विधायकों को दिए अल्टीमेटम पर भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि जब विधानसभा और लोकसभा का चुनाव होता है, तब पार्टी का कार्यकर्ता लड़ता है। आज कार्यकर्ता की लड़ाई है। सभी से अपेक्षा की गई है कि आपके क्षेत्र से भाजपा विजयी हो। मध्यप्रदेश के सभी 16 नगर निगम और सभी निकायों का घोषणा पत्र भाजपा शुक्रवार को जारी करेगी। भोपाल में संकल्प पत्र जारी करने के मौके पर सीएम शिवराज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पर्यावरण बचाने की मुहिम का निकाय चुनाव में भी असर दिखेगा।

## निकाय चुनाव में केजरीवाल की एंट्री, सिंगरौली में 2 को सभा

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी भी जोर लगा रही है। प्रदेश में जल्द ही आप के बड़े नेताओं की रैली और जनसभा आयोजित होगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मध्य प्रदेश में आम सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश में एक से चार जुलाई के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश में पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो और सभा करेंगे। सिंगरौली में आम आदमी पार्टी की महापौर प्रत्याशी रानी अग्रवाल के पक्ष में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रोड शो करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया का भी ग्वालियर दौरा प्रस्तावित है। हालांकि, अभी तारीख तय नहीं है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह दो दिवसीय दौरे पर तीन जुलाई को इंदौर आएंगे। यहां पर वह रोड शो और जनसभा को संबोधित करेंगे। सिंह उज्जैन भी जाएंगे। पार्टी की विधायक आतिशी मारलेना एक जुलाई को भोपाल में रोड शो और जनसभा करेंगी। तीन जुलाई को दिल्ली के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम इटारसी और होशंगाबाद में रोड शो और जनसभा को संबोधित करेंगे। एक और दो जुलाई को दिल्ली के जंगपुरा से विधायक प्रवीण देशमुख भी भोपाल में अपने पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे।



मप्र आयुर्विज्ञान विवि की परीक्षा परिणाम में देरी बनेगी वजह

# मेडिकल छात्र नहीं दे पाएंगे नीट पीजी 2023 की परीक्षा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 1500 मेडिकल छात्र नीट पीजी 2023 की परीक्षा नहीं दे पाएंगे। इसकी एक मात्र वजह होगी मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा पहले परीक्षा और अब परिणाम जारी करने में देरी। मेडिकल छात्रों की परीक्षा में बैठने के लिए 31 मार्च 2023 के पहले उनकी इंटर्नशिप पूरी हो जानी चाहिए, लेकिन अभी तक शुरू ही नहीं हो पाई है। यह एक साल की होती है। यानी किसी भी हाल में जुलाई के पहले पूरी नहीं होगी।

मध्य प्रदेश के साथ ही बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी यह दिक्कत आएगी। उधर, प्रदेश के कुछ निजी चिकित्सा महाविद्यालयों ने समय पर परीक्षा कराकर




रिजल्ट भी जारी कर दिया है। उनके यहां इंटर्नशिप शुरू भी हो गई है। इसमें एलएन मेडिकल कालेज, पीपुल्स मेडिकल कालेज शामिल हैं। बाकी निजी और सरकारी मेडिकल कालेज में 2017 बैच की इंटर्नशिप अभी तक शुरू नहीं हुई है। पिछले साल भी 31 मार्च के पहले इंटर्नशिप पूरी नहीं हो पाने की वजह से बिहार, झारखंड, केरल, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के करीब सात हजार छात्र नीट पीजी में नहीं बैठ पाए थे। इस कारण इस साल भी यही माना जा रहा है कि नीट पीजी कराने वाली संस्था नेशननल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन (एनबीई) इन छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देगा। इससे इनका एक साल बेकार जाएगा। दूसरा बड़ा नुकसान प्रदेश को भी होगा। अन्य राज्यों के मुकाबले मध्य प्रदेश के कम उम्मीदवार पात्र हो पाएंगे। कोरोना संक्रमण की वजह से इन छात्रों की तृतीय वर्ष की परीक्षा में भी देरी हुई थी। इसके बाद अंतिम वर्ष की परीक्षा जो इस साल जनवरी-फरवरी में हो जानी थी, वह मई में पूरी हो पाई। इनकी प्रायोगिक परीक्षाएं जून में हुई हैं। अभी तक मेडिकल यूनिवर्सिटी ने परिणाम ही जारी नहीं किए हैं। परिणाम आने में अभी कम से कम 10 दिन लग जाएंगे। पिछले साल कोरोना होने के बाद भी प्रदेश ने समय पर परीक्षाएं करा ली थी, इस कारण यहां के छात्रों को कोई दिक्कत नहीं आई थी। इस बारे में मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति बी चंद्रशेखर का कहना है कि नया साफ्टवेयर होने की वजह से एंट्री में कुछ दिक्कत होती है।

## वृक्ष माता सालुमारदा थिममक्का का 111वा.जन्मोत्सव मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुर ~गुरूवार** वृक्ष माता पद्मश्री सालुमारदा थिममक्का के 111 जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बी आर अंबेडकर भवन वसंत नगर में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर जी परमेश्वर आवासीय मंत्री वी सोमन्ना विधायक एमपी रेणुकाचार्य विधायक केएस लिंगेश एवं महेंद्र मुणोत इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सेवाएं देने वालों को पुरस्कृत किया गया धन्यवाद

## नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

# ईवीएम कमीशनिंग का कार्य जारी, विज्ञान महाविद्यालय में हो रही है कमीशनिंग





ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिये सभी तैयारियाँ की जा रही हैं। इस क?ी में ग्वालियर नगर पालिक निगम के मतदान केन्द्रों पर उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) की कमीशनिंग का कार्य जारी है। कमीशनिंग का कार्य यहाँ शासकीय विज्ञान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता और आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया जा रहा है।

अपर जिला दण्डाधिकारी श्री एच बी शर्मा ने गुरूवार को विज्ञान महाविद्यालय पहुँचकर ईवीएम कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री अनिल बनवारिया व श्री अशोक चौहान सहित अन्य वार्डों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। इसी क?ी में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में अतिरिक्त ईवीएम का रेण्डमाइजेशन भी किया गया।

ज्ञात हो ग्वालियर नगर पालिक निगम में कुल 1169 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 362 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील और 112 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील के रूप में चिन्हित किए गए हैं, जहाँ सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जायेंगे।

### वर्षाकाल में संभावित शहरी बाढ नियंत्रण के लिए निगम अमला रहेगा तैयार

ग्वालियर।नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार वर्षाकाल में संभावित शहरी बा? नियंत्रण हेतु रूपसिंह स्टेडियम पर स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष अपर आयुक्त के निर्देशन में कार्य कर रहा है तथा बाढ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी नोडल ऑफीसर फायर ब्रिगेड हैं। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं. 0751-2342101, 2438361 है। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा प्रारंभ हो चुकी है। इसलिये शहर में स्थित पुल एवं पुलियों की सफाई, नालों के मुहाने खुलवाये जावें, नालों की सफाई एवं मरम्मत आदि का जहां भी कार्य शेष रह गया है उसे तत्काल पूर्ण कराया जाये। साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जावें, जिनमें वर्षाकाल में पानी भराव होता है या होने की संभावना होती है। इनकी सूची बाढ नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रहना चाहिए। उन्होने कहा कि ऐसे स्थानों तथा शासकीय स्कूल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन आदि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व ही चिन्हित कर लिये जायें ताकि बाढ आने की स्थिति में बाढ प्रभावी लोगों को इन स्थानों पर ठहराया जा सके। इसके साथ ही बाढ प्रभावित क्षेत्रों एवं बाढ राहत केन्दों में पेयजल, भोजन एवं स्ट्रीट लाइट की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही वर्षा के दौरान तथा बाढ की स्थिति में जिन्दा व मृत पशुओं को तत्काल हटाया जाये।

# नगरीय निकाय चुनाव में विघ्न पैदा करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्यवाही: एडीजीपी ग्वालियर जोन

### आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस करेगी जिला बदर एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

ग्वालियर। आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में *अति. पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन श्री डी.श्रीनिवास वर्मा(भापुसे)* एवं *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे)* द्वारा ग्वालियर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की नगरीय निकाय चुनाव 2022 को दृष्टिगत रखते हुए बैठक ली गई। बैठक में अति. पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन द्वारा चुनाव आचार संहिता लगने के बाद थाना क्षेत्र में की गई प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की कार्यवाहियों की समीक्षा की गई तथा नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये की जा रहीं तैयारियों के संबंध में उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में एडीजीपी ग्वालियर जोन द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला एवं एससी/एसटी अपराधों की विवेचना समयसीमा में पूर्ण की जाना चाहिए तथा विवेचना का स्तर उच्च श्रेणी का होना चाहिए। उन्होने कहा कि आगामी समय में विवेचना का स्तर सुधारने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं विवेचकों के लिये प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विधि विशेषज्ञों द्वारा कानूनी प्रावधानों में हुए संशोधनों के संबंध में जानकारी दी जावेगी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि विवेचकों को विवेचना के दौरान किस-किस प्रक्रिया का पालन करना है इसके संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए। एडीजीपी ग्वालियर जोन ने उपस्थित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए जो कि चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं, ऐसे लोगों के विरूद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। एडीजीपी ग्वालियर जोन द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय न्यायालय में प्रस्तुत की जाने वाली केस डायरियों का राजपत्रित अधिकारी द्वारा पूर्व में ही अवलोकन कर लेना चाहिए, उसके बाद ही केस डायरियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को बधाई दी तथा नगरीय निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब तथा अवैध हथियारों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों के खिलाफ वाउण्ड ओवर की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें जिससे असमाजिक तत्व चुनाव के दौरान व्यवधान पैदा न कर सकें। उन्होने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें और क्षेत्र में आम लोगों से संवाद कायम करें। महिला/एससीएसटी के प्रकरणों के समयसीमा में निकाल कराने के भी निर्देश दिये गये।

### केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने मुरार पहुंचकर वयोवृद्ध समाजसेवी गण स्वर्गीय श्री दिग्विजय सिंह जी चौहान एवं स्वर्गीय पंडित आत्मा राम पाठक गुरु जी के निधन पर शोक संवेदना के साथ शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया



ग्वालियर। भारत सरकार के कृषि कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने अपने ग्वालियर दो दिवसीय प्रवास के दौरान कैंटोनमेंट बोर्ड मुरार के पूर्व वाइस चेयरमैन एडवोकेट राकेश सिंह चौहान के पिता वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय दिग्विजय सिंह चौहान जी के निधन पर उनके निवास स्थान पृथ्वीराज मार्ग एम एच चौराहा मुरार ग्वालियर एवं ब्राह्मण सभा मुरार के पूर्व अध्यक्ष वयोवृद्ध समाजसेवी स्वर्गीय श्री आत्माराम पाठक गुरुजी के निधन पर उनके निवास स्थान घास मंडी मुरार ग्वालियर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं शोकाकुल दोनों परिवार के सदस्यों से भेंट कर ढाढस बंधाया सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री श्री तोमर जी ने स्वर्गीय श्री चौहान जी एवं स्वर्गीय श्री पाठक जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर साडा ग्वालियर के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुशवाहा भाजपा महानगर पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित देवेश शर्मा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आशीष अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी नेता आनंद सिंह तोमर भाजपा जिला महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष हरिओम झा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी पंकज पाठक ब्राह्मण सभा मुरार अध्यक्ष नरेश कटारे युवा मोर्चा नेता सनी दंडोतिया अमरीश शर्मा सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

# हर मशीन में कमल खिले, विकास की गारंटी मैं, श्री सिंधिया एवं मुख्यमंत्री श्री चैहान लेते हैं: तोमर

### (केंद्रीय मंत्री ने आज कई सभाओं को संबोधित किया)



ग्वालियर, 30 जून। यह सात नंबर चैराहा मेरे घर के आंगन की तरह है, 1983 में मैं यहीं से पार्षद बना था। क्षेत्र की जनता जनार्दन ने उस समय मुझे आशीर्वाद दिया था और आज भी क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद देती आई है। आपने नगर निगम चुनाव, प्रदेश के विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनावों में यहां के भाजपा प्रत्याशियों को मौका दिया और भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार एवं नगर सरकार ने विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छो?ी, भाजपा विकास की पक्षधर है। यह बात आज केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सात नंबर चैराहा एवं घासमंडी में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने योजनाएं गिनाते हुए कहा कि 300 करो? की सीवेज योजना का कार्य जारी है, चंबल से पानी लाने की योजना जिससे ग्वालियर में पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी। ग्वालियर रेलवे स्टेशन एवं हवाई अड्डे का आधुनिकरण जल्दी ही शुरू हो जाएगा और कांग्रेस का इतिहास आपके सामने है जब भी कांग्रेस सरकार में रही, कांग्रेस ने विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। भाजपा शासित सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्य के हम साक्षी हैं। उन्होंने जनता को याद दिलाते हुए कहा कि 2003 से पहले बिजली की क्या स्थिति थी, आज गांवों-शहरों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है, स?कों की क्या स्थिति थी और अब क्या है? भाजपा शासित प्रदेश सरकार में शहरी एवं ग्रामीण स?कों का लगातार उन्नयन होता रहता है। इस अवसर पर मैं आपसे निवेदन करता हूं कि महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाइए।

उन्होंने कहा कि जो नेता बोल न सकें, समझ न सकें, स्वयं की मर्जी से काम न कर सकें वह काहे का नेता है। जबकि हमारी प्रत्याशी शिक्षित हैं, अच्छी वक्ता हैं, पिछले 38 वर्षों से वह ग्वालियर की कई समाजसेवी संस्थाओं से जु?ी हैं, 1982 का एशियाड खेला है अंतराष्ट्रीय खिला?ी रही हैं ग्वालियर के विकास के प्रति उनकी सोच है यही अंतर है दोनों प्रत्याशियों में। उन्होंने कहा कि आप सुमन शर्मा को जिताओ और इसकी गारंटी मैं नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान लेते हैं, लेकिन आप समझ रहे हैं कि उनकी गारंटी कौन लेगा। हर मशीन में कमल खिले, भाजपा की पूर्ण बहुमत से नगर सरकार बनें। इस अवसर पर उन्होंने समस्त क्षेत्रीय जनता से हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प दिलाया।

### भाजपा शासित नगर सरकार ही ग्वालियर में विकास कर सकती है-सुमन शर्मा

महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पांच दशकों से ग्वालियर नगर निगम में भाजपा का ही महापौर रहा है, पिछले पांच दशकों से ग्वालियर में काफी अधिक विकास कार्य हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को

ग्वालियर। श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2022 का आयोजन 3 जुलाई को होगा। इस दिन यह प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र श्रमोदय पोर्टल http://www.shramodayvidyalay.mp.gov.in तथा ओपन स्कूल के पोर्टल mpsos.nic.in पर उपलब्ध लिंक http://14.99.226.202/cmr/ से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग देने के लिये शिक्षकों से आवेदन माँगे

ग्वालियर। जिले में अनुसूचित जाति विभाग द्वारा संचालित आठ उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग देने के लिये शिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने बताया कि कक्षा-9 से 12वीं तक के समस्त विषय तथा पहली से छठवीं कक्षा के लिये अंग्रेजी विषय की कोचिंग के लिये आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विस्तृत जानकारी के लिये शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022**

### व्यय लेखा प्रस्तुत न करने वाले 383 प्रत्याशियों को नोटिस

ग्वालियर। नगरीय निकाय निर्वाचन में चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों को अपने चुनावी खर्च का व्यय लेखा प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिले के विभिन्न नगरीय निकायों से चुनाव लड़ रहे 383 अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोडल अधिकारी व्यय लेखा सह संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून को पार्षद पद के 227 प्रत्याशियों एवं महापौर पद के दो प्रत्याशियों को व्यय लेखा प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसी तरह 29 जून को व्यय लेखा प्रस्तुत न करने वाले पार्षद पद के 151 प्रत्याशियों एवं महापौर पद के तीन प्रत्याशियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### ईडीबी के आवेदन के लिये एक जुलाई आखिरी दिन

ग्वालियर। जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के काम में संलग्न शासकीय सेवकों को ईडीबी (इलेक्शन ड्यूटी बैलेट) के जरिए मत डालने की सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही है। ईडीबी के लिये शासकीय सेवक एक जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। नोडल अधिकारी ईडीबी श्री उमेश कौरव ने बताया कि ईडीबी के लिये आवेदन पत्र एक जुलाई को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय परिसर में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। अभी तक यहाँ भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान शासकीय सेवकों से ईडीबी के लिये आवेदन प्राप्त किए गए हैं।

### उद्धव ने सत्तारूढ़ होते ही मीसाबंदियों की पेंशन बंद कर दी थी

**77लोकतंत्र सेनानियों के श्राप से उद्धव सरकार गई-कैलाश सोनी 77**



ग्वालियर। महाराष्ट्र में उद्धव सरकार के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के एक मंत्री के प्रस्ताव पर महाराष्ट्र में आपातकाल-1975 में लोकतंत्र के लिए संघर्ष करनेवाले आपातकालबंदियों की पेंशन एवं अन्य सुविधाएं बंद कर पहला हमला लोकतंत्र सेनानियों पर बोला था। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद कैलाश सोनी ने कांग्रेस समर्थित उद्धव सरकार के पतन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि लोकतंत्र सेनानियों के श्राप से उद्धव सरकार का पतन होना लोकतंत्र के हित में हैं, देश के लोकतंत्र प्रेमी खुश हैं। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण कोमल छे?ा(मुंबई), रविखास खे?ीकर (नागपुर), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम, मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष मोहन विटवेकर ने कहा है कि कल महाराष्ट्र में नई लोकतांत्रिक राज्य सरकार बनने जा रही है, जिससे हम आशा कर सकते हैं कि निकट भविष्य में लोकतंत्र सेनानियों की बंद की गयी पेंशन एवं अन्य सुविधाएं बहाल होने का मार्ग प्रशस्त होगा जो कि अलोकतांत्रिक शक्तियों के लिये सबक होगा।संगठन के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम ने उद्धव सरकार के पतन में महती भूमिका निभानेवाले शिवसेना के बड़बोले प्रवक्ता संजय राऊत को टियूटर के जरिए धन्यवाद दिया है।

### मिसहिल स्कूल में होगा निःशुल्क योग शिविर

ग्वालियर। मिसहिल स्कूल एवं महिला पतंजलि योग समिति ग्वालियर के तत्वावधान में योग साधना एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 01 जुलाई से 07 जुलाई तक सुबह 5:30 से 7 बजे तक स्थान मिसहिल हायर सेकेंडरी स्कूल, लक्ष्मीबाई कॉलोनी प?ाव ग्वालियर पर आयोजित किया जाएगा। योग शिविर में सभी आगंतुक सुबह खाली पेट पानी पीकर आवें एवं अपनी चादर साथ लावें।




# रोजगार युवाओं के जीवन से भा.ज.पा. खिलवाड़ कर रही है : डॉ. शोभा सिकरवार

### गड्म गड्डा सड़के क्या यही है विकास, शोभा को फलों से तोला गया



ग्वालियर। कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि भाजपा शिक्षित युवा बैरोजगारों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। सरकारी नौकरियां पूरी तरह बंद कर रखी है। रोजगार के अभाव में युवा वर्ग परेशान है। झूठे वायदें रोजगार देने के किये जाते है। यह बात आज जनसम्पर्क के दौरान युवावर्ग व आमजनों से चर्चा करते हुये कही।

कांग्रेस उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड कमांक 48 और 51 में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा कई मोहल्लों में फलों से तोला गया। हजारों की संख्या में उमड़ रही भीड़ के बीच डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुये कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिये कोई पहल नही की है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुये कहा कि जिस गली में जा रही हूँ, सड़के उखडी पड़ी है, बडे-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। गलियों में अंधेरा रहने की शिकायत मोहल्लेवासी कर रहे है। सीवर युक्त पेयजल की सप्लाई पर कोई नियंत्रण या सुधार नहीं हो पा रहा है, गन्दा पानी पीकर लोग बीमार पड़ रहे हैं। क्या यही है भाजपा का विकास। मैं भाजपा के मंत्रियों से पूछना चाहती हूँ कि जब शहर में लोग कोरोना जैसी भयानक बीमारी से जूझ रहे थे, तब आप में से कोई गरीब जनता की मदद करने ग्वालियर आया था। अपने विकास के कौन से काम किये जनता को भी बतायें, सिर्फ भाषणों से सौन्दर्यीकरण नही होता है। ग्वालियर आकर मालायें पहनने का इतना शौक है तो ग्वालियर की जनता के लिये कुछ करके दिखाते, उनके दुःख में साथ खड़े होते। सत्ता का दुरूपयोग करने का जो खेल भाजपा खेलती है, अब जनता उसके मंसूबे पूरे नही होने देगी। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो सर्वहारा वर्ग के हितों की रक्षा और सम्मान करते हुये जनता के दुःख-सुख में साथ रहती है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478